हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली की सड़कों पर पुराने वाहन दिखे तो जब्त कर स्क्रैपिंग यार्ड भेजे जाएंगे

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने पुराने वाहनों को सीधे कबाड़ में भेजने की कवायद शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य वाहन मालिकों को पुराने वाहनों को कबाड़ में भेजने के लिए प्रेरित करना है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस नई पहल के तहत यदि बहुत अधिक पुराने हो चुके वाहन शहर की सड़कों पर चलते पाए जाते हैं या सार्वजनिक स्थानों पर पार्क किए जाते हैं, तो उन्हें जब्त कर लिया जाएगा और सीधे स्क्रैपिंग यार्ड में भेज दिया जाएगा श् एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को परिवहन विभाग की प्रवर्तन इकाई के दस दलों ने दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को मिलाकर कुल 50 वाहनों को सिविल लाइंस इलाके से जब्त किया और इन्हें पंजीकृत वाहन स्क्रेपिंग केंद्र (आरवीएसएफ) को सौंप दिया गया।

### सभी का जीवन सुख-समृद्धि से परिपूर्ण हो : मयावती

(संवाददाता)लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रामनवमी पर्व की समस्त देशवासियों व प्रदेश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीटकर कहा कि समस्त देशवासियों व खघसकर उत्तर प्रदेश के सभी भाई-बहनों को रामनवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। सभी लोगों का जीवन सुख, शान्ति व समृद्धि से परिपूर्ण हो यही आज के दिन का संदेश व जरूरत है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भी प्रदेशवासियों को ट्वीटकर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जोग लगन ग्रह बार तिथि सकल भए अनुकूल। चर अरु अचर हर्षजुत राम जनम सुखमूल, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के अवतरण के अति पावन दिवस श्श्री राम नवमीश् की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! बता दें कि रामनवमी का त्यौहार चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है जो मार्च -अप्रैल में आता है। हिंदू धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन मर्यादा-पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था। हिन्दु धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुन: स्थापना के लिये भगवान विष्णु ने मृत्यु लोक में श्री राम के रूप में अवतार लिया था।

### हेट स्पीच का खत्म होना चांद मांगने जैसा..सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी पर बोले कपिल सिब्बल

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा राजनीति में नफरती भाषण पर की गई टिप्पणी के एक दिन बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने गुरुवार को कहा कि यह कुछ लोगों के लिए ''चांद मांगने जैसा है, जिनकी राजनीति नफरत पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नफरती भाषणों को गंभीरता से लेते हुए कहा था कि जिस पल राजनीति व धर्म अलग हो जाएंगे और नेता राजनीति में धर्म का इस्तेमाल बंद कर देंगे, उस समय ऐसे भाषण समाप्त हो जाएंगे। सिब्बल ने ट्वीट किया, ''सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनीति में धर्म का इस्तेमाल बंद होने से नफरती भाषण खत्म हो जाएंगे। यह तो चांद मांगने जैसा है। पूर्व विधि मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल ने कहा, ''याद है...1.(लाल कृष्ण) अडवाणी जी की रथ यात्रा। 2.(राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के प्रमुख की 2018 की श्मशान-कब्रिस्तान वाली टिप्पणी। 3. साल 2020 में गोली मारो... वाला बयान आदि। कुछ लोगों की राजनीति नफरत पर ही आधारित है।

# अयोध्या में कड़ी सुरक्षा के बीच मनाया गया राम नवमी का त्योहार

## 10 लाख श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में लगाई डुबकी

❑ गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी ने विधि-विधान से किया कन्या पूजन, कहा- नवरात्रि का पर्व है नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक



(संवाददाता)

अयोध्या । राम नगरी अयोध्या में बृहस्पतिवार को भगवान राम का जन्मोत्सव यानी राम नवमी का त्योहार कड़ी सुरक्षा के बीच पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने आज सुबह सरयू नदी में पवित्र डुबकी लगाई और बाद में कनक भवन, हनुमानगढ़ी और नागेश्वरनाथ सहित सभी प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। हिंदू पंचांग के चौत्र माह में शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाए जाने वाले भगवान राम के जन्मोत्सव का स्वागत करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) मधुबन सिंह ने बताया,भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे अयोध्या शहर में बड़ी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया। रामनवमी मेले के इस बड़े धार्मिक आयोजन के लिए कोई चरमपंथी खतरा नहीं है, लेकिन हमने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव व्यवस्था की है। अयोध्या में सुबह-सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के साथ रामनवमी पर्व की शुरुआत हुई। माना जाता है कि दोपहर के समय जब भगवान राम का जन्म हुआ था अयोध्या के सभी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई थी। राम नवमी पर लोगों ने भगवान राम को समर्पित भक्ति गीत गाए और उनके जन्म का जश्न मनाने के लिए प्रतीकात्मक रूप से राम लला की प्रतिकृतियों को पालने में झुलाया। कई मंदिरों से राम, उनकी पत्नी सीता, भाई लक्ष्मण और भक्त हनुमान की रथ यात्रा (रथ जुलूस) निकाली गई। लाखों की संख्या में लोग पवित्र नदी सरयू के तट पर एकत्रित हुए और पवित्र स्नान किया तथा कुछ अन्य लोगों ने उपवास रखा। इस बीच, रामनवमी के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने राम जन्मभूमि परिसर में ताजे फूलों से सुंदर सजावट की थी। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई और रामलला ने हरे रंग के वस्त्र धारण किए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यानी चौत्र नवरात्र के नौंवे दिन विधि-विधान के साथ कन्या पूजन किया। उन्होंने भगवती मां की पूजा की और मां के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं का पूजन कर नवरात्र आराधना पूरी की। सीएम ने पहले 9 कन्याओं और एक बटुक भैरव के पांव पखारकर पूजा-अर्चना की, उसके बाद अपने हाथों से भोजन कराकर दक्षिणा के साथ उनकी विदाई की।

इस दौरान सीएम ने कहा कि, नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। बता दें कि, आज सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन किया और कहा कि, यही हमारी संस्कृति है। सीएम ने कहा कि नवरात्रि का पर्व नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। सनातन हिंदू धर्म में कुंवारी कन्याओं का पूजन और सत्कार आदि शक्ति मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का पूजन है।

# मानहानि मामला : पटना की अदालत ने राहुल गांधी को 12 अप्रैल को किया तलब

(एजेंसी)



पटना । कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पटना एमपी-एमएलए कोर्ट ने 12 अप्रैल को भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी द्वारा उनके श्मोदी उपनामश् वाले बयान को लेकर दायर याचिका पर बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया है। सुशील मोदी ने मोदी उपनाम वाले लोगों के खिलाफबयान देने के लिए गांधी के खिलाफ मानहानि का आरोप लगाया है। कोर्ट ने राहुल गांधी के वकील को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया है। राहुल गांधी ने कर्नाटक में 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि मोदी उपनाम वाले सभी लोग चोर हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि नीरव मोदी और ललित मोदी हजारों करोड़ रुपये लेकर देश से भाग गए हैं। सुशील कुमार मोदी के अलावा पूर्व पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, बांकीपुर विधायक, भाजपा नेता संजीव चौरसिया और भाजयुमो नेता मनीष कुमार पहले ही अदालत में गवाह के तौर पर अपने बयान दर्ज करा चुके हैं। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी पटना एमपी-एमएलए कोर्ट में भी पेश हो सकते हैं। 23 मार्च को सूरत की एक अदालत ने कांग्रेस नेता को मोदी उपनाम के बारे में गलत बोलने के लिए दोषी ठहराया और उन्हें दो साल कैद की सजा सुनाई। इसके कारण उन्हें केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य के रूप में संसद से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

# अब देशभर में पीएम हटाओ, देश बचाओ पोस्टर लगाएगी आम आदमी पार्टी

(एजेंसी)




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के बाद अब देशभर में पीएम हटाओ, देश बचाओ पोस्टर अभियान छेड़ दिया है। आप पार्टी गुरुवार को 11 भाषाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पोस्टर जारी करेगी। दरअसल कुछ दिन पहले आप ने दिल्ली की दीवारों और बिजली के खंभों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथित विरोध में मोदी हटाओ देश बचाओ के पोस्टर लगाए थे।

जिस पर दिल्ली पुलिस ने एक्शन लेते हुए कई ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है, जो पोस्टर लगाने में शामिल थे। पुलिस ने मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए इस मामले में 49 प्राथमिकी और दो प्रिंटिंग प्रेस मालिकों सहित छह लोगों की गिरफ्तारियां की। अब एक बार फिर आप पार्टी गुरुवार को देश भर में पोस्टर लगाएगी। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के अनुसार, पार्टी की सभी राज्य इकाइयों को अपने-अपने राज्यों में पोस्टर चिपकाने के लिए कहा गया है। ये पोस्टर 11 भाषाओं में छपे हैं।

हालांकि बीजेपी ने भी इसके जवाब में दिल्ली में केजरीवाल हटाओ, दिल्ली बचाओ पोस्टर लगाए। वहीं पोस्टर मामले में हुई गिरफ्तारियों पर प्रतिक्रिया देते हुए, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अंग्रेजों ने भी उन लोगों को गिरफ्तार नहीं किया जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उनके खिलाफ पोस्टर लगाए थे। उन्होंने कहा, आजादी से पहले भी जब स्वतंत्रता सेनानी पोस्टर लगाते थे, तो अंग्रेजों द्वारा उनके खिलाफकोई प्राथमिकी या कार्रवाई नहीं की जाती थी। ब्रिटिश शासन के दौरान भगत सिंह ने बहुत सारे पोस्टर चिपकाए थे, उनके खिलाफएक भी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। इसके साथ ही गोपाल राय ने कहा, मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या यह कोई आपत्तिजनक पोस्टर है? अगर मोदी हटाओ-देश बचाओ का नारा आम आदमी पार्टी दे रही है तो इसमें उनको क्या दिक्कत है।

# केंद्र के खिलाफ रातभर धरने पर बैठीं ममता

(एजेंसी)


कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शहर के बीचों-बीच स्थित रेड रोड पर डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के सामने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बुधवार को रातभर धरने पर बैठी रहीं। मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल के प्रति केंद्र के कथित भेदभावपूर्ण रवैये के विरोध में कोलकाता में बुधवार से दो दिवसीय धरने पर बैठी हैं। उन्होंने बुधवार को अपने रुख में बदलाव करते हुए सभी राजनीतिक दलों से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से लड़ने का आग्रह किया था। इससे पहले, ममता ने कांग्रेस एवं भाजपा दोनों से समान दूरी बनाए रखने का फैसला किया था, लेकिन बुधवार का उनका बयान उनके पुराने रुख से अलग है। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो के साथ फरहाद हकीम और अरूप बिस्वास सहित पार्टी के कई नेता धरने में शामिल हुए। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाई-प्रोफाइल नेताओं की मौजूदगी और उन्हें खतरा हो सकने की आशंका को ध्यान में रखते हुए धरना स्थल और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। मुख्यमंत्री ने राज्य को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) और आवासीय एवं सड़क विभाग की योजनाओं के तहत केंद्र द्वारा कथित रूप से निधि जारी नहीं किए जाने के खिलाफधरना शुरू किया।

# पीएम मोदी 1 अप्रैल को भोपाल दौरे पर, दे सकते हैं कई सौगात

(एजेंसी)

भोपाल। मध्यप्रदेश के लिए आगामी नए वित्तीय वर्ष की शुरूआत अर्थात 1 अप्रैल का दिन सौगातों का दिन साबित होने वाला है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य की राजधानी भोपाल आ रहे हैं और वे रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अप्रैल को प्रातरू भोपाल विमानतल पर पहुंचने के बाद हेलीकाप्टर से लाल परेड ग्राउंड जाएंगें, जहां से वे कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह जाकर भारतीय सेना की कमांडर कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेंगे।प्रधानमंत्री मोदी दोपहर बाद रानी कमलापति स्टेशन से नयी दिल्ली के लिए प्रारंभ हो रही नई वंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। भोपाल के नागरिक प्रधानमंत्री मोदी के कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह से रानी कमलापति स्टेशन जाने के यात्रा मार्ग में शिवाजी नगर में उपस्थित होकर उनका अभिवादन और स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के संदर्भ में रानी कमलापति स्टेशन पर आवश्यक स्वच्छता और सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी की भोपाल प्रवास अवधि में आवश्यक सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं संबंधी निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री मोदी का यह भोपाल प्रवास राज्य के लिए काफी अहम माना जा रहा है। एक तरफ जहां भोपाल को वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिल रही है वहीं इस बात की भी लोग आस लगाए हैं कि राज्य को प्रधानमंत्री के जरिए कई और भी सौगातें मिल सकती हैं।

# भगवान राम केवल पत्थर या लकड़ी की मूर्ति नहीं, वह हमारी पहचान हैं... रामनवमी पर बोले राजनाथ सिंह



(एजेंसी) नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भगवान राम भारत की पहचान हैं, केवल पत्थर या लकड़ी की मूर्ति भर नहीं हैं। राजनाथ ने कहा कि सरकार अस्पताल बनाएगी, स्कूल बनाएगी, उद्योग लगाएगी और साथ में मंदिर भी बनाएगी। वह यहां आयोजित एक कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। रामनवमी के अवसर पर उन्होंने कहा, ''जब राम मंदिर निर्माण की बात आई तो कई लोगों ने इस बारे में अपनी राय देनी शुरू कर दी। कुछ लोगों की राय थी कि उस जगह अस्पताल बनाया जाए, तो कुछ ने कहा कि एक स्कूल बनाया जा सकता है। कुछ ने तो यह तक सुझाया कि कोई उद्योग लगाया जा सकता है। ये वे लोग थे जिन्होंने भगवान राम को कभी समझा नहीं और उन्हें मन से कभी आत्मसात नहीं किया। रक्षा मंत्री ने कहा, ''भगवान राम केवल पत्थर, लकड़ी या मिट्टी की मूर्ति नहीं हैं, वह हमारी संस्कृति और आस्था का केंद्र हैं। भगवान राम हमारी और हमारे देश की पहचान हैं। सिंह ने कहा, ''हम अस्पताल, स्कूल बनाएंगे, उद्योग लगाएंगे और हम मंदिर भी बनाएंगे। उन्होंने अपने भाषण में यह भी कहा कि केंद्र के प्रयासों के कारण ही पूर्वोत्तर आज दिल्ली और लोगों के दिल के करीब आ गया है। सिंह ने कहा कि आज उत्तर पूर्व में अभूतपूर्व शांति है जिसकी वजह से क्षेत्र के अनेक हिस्सों से 'सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) हटा दिया गया है। राजनाथ ने कहा कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल नारा नहीं बल्कि जन आंदोलन बन गया है। राजनाथ ने कहा, ''मैं रक्षा मंत्री के रूप में कह सकता हूं कि आज महिलाएं सशस्त्र बलों में शामिल होकर उसे और मजबूती प्रदान कर रही हैं। वे लड़ाकू पायलट के रूप में लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। हाल में, मैंने तोपखानों में महिलाओं को शामिल करने को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों में महिलाओं के शामिल होने के साथ हम मिलकर महिला सशक्तीकरण और सशस्त्र बलों को मजबूत करने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

# राम नवमी के मौके पर इंदौर में बड़ा हादसा

## इंदौर के मंदिर में बनी बावड़ी की छत धंसने से 10 की मौत, सीएम योगी ने जताया दुख

(एजेंसी)






इंदौर। इंदौर में रामनवमी पर हुए हादसे में अब तक 6 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। मंदिर में बनी बावड़ी में चार से पांच फीट पानी है और इसकी गहराई तकरीबन 40 फीट बताई जा रही है। मंदिर में बावड़ी की छत पर बहुत से लोग हवन कर रहे थे।

इसी दौरान छत धंस गई और करीब 25 लोग गिर गए। गिरने वालों में बच्चे और महिलाएं भी हैं। यह मंदिर करीब 60 साल पुराना है। कन्या पूजन का कार्यक्रम था, इसलिए मंदिर में भीड़ ज्यादा थी। हादसे पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा मध्य प्रदेश के इंदौर में हुई दुर्घटना अत्यंत दुरूखद है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से सबकी कुशलता के साथ घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना है। बता दें कि इंदौर के स्नेह नगर के पास पटेल नगर में मंदिर में हवन चल रहा था। यहां श्रद्धालु बावड़ी की छत पर बैठे हुए थे। वजन ज्यादा होने की वजह से छत धंस गई और 25 से अधिक लोग उसमें गिर गए। जिनमें से अब तक 5 की मौत की खबर आ रही है। पुलिस और रेस्क्यू टीम ने रस्सियों की मदद 18 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो सका है कि बावड़ी की गहराई कितनी है। बताया जा रहा है कि बावड़ी में पानी भी था जिस वजह से कितने लोग गिरे है कुछ कहा नहीं जा सकता।

### सीएम शिवराज की घटना पर नजर

इस घटना के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया है और वो स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने घटना पर संज्ञान लेते हुए इंदौर कलेक्टर और कमिश्नर को रेस्क्यू अभियान तेज करने के निर्देश दिए है। बता दें कि अबतक लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है और उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। नौ लोग अब भी इसमें फंसे हुए है। सभी को निकालने के लिए रेस्क्यू टीम जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक जब ये घटना हुई तब रामनवमी का हवन मंदिर में किया जा रहा था। इस हवन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहीं छत गिरने के बाद जल्दी ही लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। मगर रेस्क्यू ऑपरेशन में थोड़ी दिक्कत आ रही है क्योंकि कुएं में पानी है।

## संपादकीय

### जय माता दी..

आजकल नवरात्रे चल रहे हैं। चारों तरफ मंदिर सजे हैं। वातावरण भक्तिमय और शुद्ध है। माता के जयकारे हैं, मंदिरों में भीड़ है, कइयों ने व्रत रखे हैं, हर कोई मंदिर में दर्शन करने जा रहा है। मुझे पिछले दिनों दतिया में पिताम्बरी माता और शारदा माता और फ्रि वृंदावन बांके बिहारी मंदिर, गीता मंदिर जाने का अवसर प्राप्त हुआ। हर मंदिर में आप बहुत ही आस्था, विश्वास और पूजा के साथ जाते हो। आज देश के सभी मंदिरों में सबकी बहुत आस्था है। लोग देश-विदेशों से बड़े भाव से आते हैं। मन की शांति और दर्शन के लिए। झंडे वाला मंदिर में बहुत सफाई और व्यवस्था है, जहां जाकर मन को शांति मिलती है। जिसका श्रेय वहां की मैनेजमेंट कमेटी को जाता है और खासकर आदरणीय कुलभूषणघ्आहूजा जी को जाता है। छतरपुर मंदिर में भी सफाई और सिस्टम है, परन्तु जो बाबा नागपाल जी के समय थी वो भी अविसमरणीय है। माता वैष्णो देवी मंदिर में जाकर भी बहुत खुशी होती है। बहुत अच्छा सिस्टम है, बहुत सफाई है। भारत के मंदिरों में अब सफाई और आस्था बहुत बढ़ी है। परन्तु अभी भी कुछ मंदिरों में जाकर आपकी आस्था डगमगा जाती है, क्योंकि बहुत से मंदिरों में अभी भी सफाई नहीं। जब वहां बैठे पुरोहितों का लालच देखते हैं तो मन बहुत खराब होता है। इसलिए जैसे वैष्णो देवी माता का ट्रस्ट बना है, वैसे ही सभी मंदिर ट्रस्ट के अन्दर हो जाएं, ब्राह्मणों, पंडितों को जो वहां कर्मकांड करते हैं बहुत अच्छी मासिक तन्ख्वाह मिले। पूजा करने का सिस्टम हो, वहां कैमरे लगे हों, मंदिरों की सफाई हो और जो भी चढ़ावा चढ़े उससे जनकल्याण का कार्य हो। ऐसे करने से सिस्टम तो सही होंगे ही, लोगों की आस्था और, विश्वास कोघ्ठेस नहीं लगेगी। बहुत से ब्राह्मण युवकों को रोजगार आस्था के साथ मिलेगा। जो युवा ब्राह्मण कर्मकांड जानते हैं, उन्हें मंदिरों में नियुक्त करना चाहिए। मंदिरों के आसपास से मांगने वालों को हटाना चाहिए। 2 दिन पहले जब में वृंदावन गई तो हमें दर्शन बहुत अच्छे हुए, पूजा भी बहुत अच्छे से हुई परन्तु वहां की भीड़घ्और कोई लाइन नहीं देखकर मन विचलित हुआ कि कभी भी यहां कोई हादसा हो सकता है, इसलिए वहां की व्यवस्था करने वालों से प्रार्थना है कि हर आम आदमी के लिए व्यवस्था बनाई जाए। उसके बाद स्वामी गीतानंद जी के गीता आश्रम जाने का अवसर मिला, जहां आज अवशेष स्वामी जी मंदिर की व्यवस्था और गुरुकुल चला रहे हैं। वहां लंगर प्रसाद खाया। वहां की सफाई व्यवस्था और आस्था देखकर बहुत ही प्रसन्नता हुई। गीता महाराज जी के अनुयायी बहुत ही अच्छे हैं और साथ ही व्यवस्था वो ही बहुत अच्छे से देख रहे हैं। वृंदावन मंदिर के बाहर छोटे-छोटे बच्चे जो आपके माथे पर राधे-राधे लिखते हैं वे बहुत प्यारे लगे क्योंकि वो मांग नहीं रहे, काम करके ले रहे हैं। बच्चों से काम कराना मना है, परन्तु जिस मासूमियत से वो काम कर रहे हैं वो निराली है। वहां पर स्थानीय हनुमान स्वरूपी बंघ्दरों का बोलबाला है, जो बहुत ही समझदार हैं। स्थानीय लोगों को कुछ नहीं कहते परन्तु बाहर से आए भक्तों के चश्मे, फोन कुछ भी हाथ में हो बड़े प्यार से छीन लेते हैं। वापिस तभी देते हैं जब उन्हें फ्रूट के जूस का डिब्बा दिया जाए। एक तरह से भगवान के रूप में जूस वालों का बिजनेस चला रहे हैं। आजकल गुरु जी का बहुत बोलबाला है। मैंने जो अनुभव किया वहां सिस्टम है, सफाई है। शिव जी की पूजा होती है, गुरु जी तो हैं ही नहीं उनकी फोटो होती है। क्योंकि वहां खाने को मिलता है, किसी को खाने की मनाही नहीं, कोई कपड़ों की रोक-टोक नहीं। इसलिए हर तरह के लोग चाहे युवा, बुजुर्ग हो। अच्छे घरों की महिलाएं जुड़ रही हैं, क्योंकि नानक दुखिया सब संसार। सबको कुछ न कुछ दुख है और सबको ईश्वर की जरूरत है और ईश्वर किसी भी रूप में उनके सामने आ जाता है। यही नहीं जब हम खुजराहों से वापिस आ रहे थे तो हमारे साथ योगेश्वर बाबा साथ आए। एक युवा बाबा जो लाखों लोगों को प्रभावित कर रहा है। हनुमान जी का भक्त है,

### बजट भी पारित हो गया

संसद के बजट सत्र के दौरान ही भारत की संसदीय प्रणाली का जो फजीता हो रहा है उसकी भारत के संसदीय इतिहास में दूसरी मिसाल मिलना कठिन है, बेशक पिछले बीस सालों के दौरान ऐसे कई मौके आये हैं जब बजट बिना बहस के ही पारित हुआ है। बजट सत्र की शुरूआत प्राय: राष्ट्रपति के अभिभाषण से होती है जिसके लिए संसद के दोनों सदनों का संयुक्त अधिवेशन बुलाया जाता है जिसमें राष्ट्रपति 'अपनी' सत्तारूढ़ सरकार की नीतियों के बारे में बताते हैं। संसदीय लोकतन्त्र में इसका विशेष महत्व होता है क्योंकि राष्ट्रपति ही लोकसभा में बहुमत पाने वाली पार्टी या विभिन्न दलों के समूह को सरकार बनाने की अनुमति व स्वीकार्यता देते हैं। यह सरकार संसदीय नियमावली के तहत लोकसभा व राज्यसभा के भीतर जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए सरकार चलाती है और विपक्ष द्वारा उठाये गये विभिन्न सवालों का जवाब देती है। इसके द्वारा जो भी विधायी कार्य सदन के भीतर किया जाता है उसे विपक्ष की तसदीक के लिए प्रस्तुत किया जाता है और इस सम्बन्ध में विभिन्न पहलुओं पर खुल कर चर्चा होती है। सरकार का वित्तीय कार्य लोकसभा का विशेषाधिकार होता है जिसे 'मनी बिल' के रूप में माना जाता है। बजट या वित्त विधेयक इसका सबसे बड़ा हिस्सा होता है। अत: जब बजट ही लोकसभा में बिना किसी बहस या शोर- शराबे के बीच पारित कर दिया जाता है तो संसद की सार्थकता के बारे में देश की जनता के मन में सन्देह उठने लगते हैं और वह सोचने पर मजबूर होने लगती है कि हर पांच साल बाद होने वाले लोकसभा चुनावों के जरिये वह अपने जिन 543 प्रतिनिधियों को चुन कर भेजती है उनका वहां पहुंचने के बाद क्या काम होता है। इस सन्दर्भ में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि अल्पमत में बैठे विपक्षी सांसदों को संसद के भीतर वे ही अधिकार मिले होते हैं जो सत्तारूढ़ दल के सांसदों के पास होते हैं। विपक्षी सांसदों का चुनाव भी देश के मतदाता ही करते हैं अत: संसद के भीतर जो बहुमत की सरकार बनती है उसमें उनकी भी हिस्सेदारी होती है क्योंकि प्रजातन्त्र के राज को जनता का राज कहा जाता है। अत: उनके पास पूरे अधिकार होते हैं कि वे सरकार द्वारा संसद में रखे गये किसी भी विधेयक की ऊपर से लेकर नीचे तक जम कर तसदीक करें और सरकार को अपनी राय से अवगत करें जिससे वह किसी भी विधेयक की खामियों को जनहित में संशोधित या ठीक कर सके। पहले रेल बजट पृथक रूप से रखे जाने की भी परंपरा थी जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही बजट के माध्यम से कोई भी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को सकारात्मक दिशा देने की कोशिश करती है और लोगों को विश्वास दिलाती है कि उसकी नीतियों से जन मानस का जीवन अधिक सुखमय होगा और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधरेगा। इन मुद्दों पर जब संसद में बहस होती है तो जनता यह समझने में कामयाब होती है कि उसने देश की बागडोर जिन राजनैतिक लोगों या दलों के हाथ में दी है वे जन कल्याण के प्रति कितने संवेदनशील हैं। बजट पर बहस न होना लोकतन्त्र में एक प्रकार से सत्तारूढ़ दल के खिलाफही जाता है । इसलिए हर सरकार कोशिश करती है कि उसका जो भी बजट हो उस पर संसद में खुलकर चर्चा की जाये जिससे आम जनता समझ सके कि जन कल्याण के घ्लिए किये जा रहे उसके कार्यों को जनता का कितना समर्थन है। इसी वजह से वित्त विधेयक में विपक्षी सांसद अपने-अपने संशोधन प्रस्ताव यह जानते हुए भी रखते हैं कि उन पर मतदान होने की स्थिति में उनके संशोधन गिर जायेंगे क्योंकि उनके पक्ष का बहुमत नहीं है। मगर इस बहाने वे सरकार को सचेत करते हैं। खैर हम सभी जानते हैं कि 1 अप्रैल से शुरू होने वाला बजट लोकसभा में पारित हो गया है जिस पर राज्यसभा केवल विचार करने के बाद इसे लौटा देगी। मगर वित्त मन्त्री ने इस दौरान केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन स्कीम के बारे में पुनर्विचार करने का आश्वासन भी दिया। जाहिर है कि सरकार का इरादा पुरानी पेंशन स्कीम की तरफलौटने का नहीं है क्योंकि वित्तमन्त्री ने वित्त सचिव के नेतृत्व में नई पेंशन स्कीम में सुधारों की सिफारिश करने के लिए एक समिति गठित करने का ऐलान किया है।

# सत्ता और सामूहिक विपक्ष का टकराव

**प्रेम शर्मा**




भारतीय लोकतंत्र में यह दौर बहुत ही कठिनाई का प्रतीत हो रहा है। विपक्षी नेताओं पर ताबड़तोड सत्ता पक्ष के हमले से पूरा विपक्ष तिलमिला गया है। राहुलगांधी को सूरत कोर्ट से दो साल की सजा और संसद की सदस्यता समाप्त होने के बाद अप्रत्याशित रूप से इस मुद्दे में एकजुट होते विपक्ष ने भारतीय राजनीति में एक नई शुरूआत को जन्म दिया है। यॉ यू कहे कि देश की सबसे सर्वोच्च पार्टी के सबसे ताकतवर नेता के उपर सत्ता पक्ष द्वारा की गई कार्रवाई से चितिंत अन्य विरोधी दलों को यह महसूस हो गया है कि जब राहुलगांधी पर आज यह कार्रवाई हो सकती है तो कल उनकी बारी भी आ सकती है। यही कारण है कि अब तक सीबीआई, ईडी और अन्य जॉच एजेंसियों को लेकर अपनी अपनी तरह से अलग अलग विरोध करने वाली विपक्षी पार्टिया राहुलगांधी मामले के बाद सरकार पर हमलावर हो गई है। राहुल गांधी को सजा और सदस्यता समाप्ति के बाद भाजपा के केन्द्रीय मंत्री से लेकर मुख्यमंत्रियों द्वारा जिस तरह से राहुल गांधी पर बयानों का हमला किया जा रहा है वह इस बॉत का संकेत है कि इस मामले में कही न कही भाजपा से भी कुछ गल्तियॉ हुई है। सजा सुनाए जाने से पूर्व माफी न मांगने और तत्काल उच्च अदालत की शरण न लेने से यह तो जरूर आभास हो रहा है कि राहुल गांधी सत्ता पक्ष के इस निर्णय को अब जनता की अदालत में ले जा रहे है। यही नही पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी को मिले समर्थन से लेकर देश में चल रहे महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जनमानस में चल रहे द्वंद का आभास करके ही कांग्रेस अब सत्याग्रह का सहारा ले रही है। जनतंत्र की विशेषता यही है कि विजेता पार्टी सत्ता में शासन करती है, पर इसका मतलब यह नहीं हो सकता कि सत्ताधारी पार्टी के सभी निर्णय शत-प्रतिशत सही हों और बड़े समूह के लोगों के लिए लाभकारी भी हो। ऐसे में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है जो लिए गए निर्णयों को आम जनता के हितों से जोड़ कर देखता है और उचित संगठित विरोध करता है। किसी भी देश का शीर्ष नेतृत्व इस बात .से इंकार नहीं कर सकता है कि सत्ता सिर्फ पक्ष से नहीं, विपक्ष से भी चलती है। विगत कुछ वर्षों में जिस तेजी से विपक्ष राज्य और केंद्र में कमजोर हुआ है, कहीं न कहीं, जनता का हित भी उतना ही प्रभावित हुआ है और हम ऐसी राह पर बढ़ते चले जा रहे हैं जहां शायद विरोध के लिए कोई जगह नहीं है। यही हाल राज्य सरकारों का भी है जहां सुशासन से अधिक अपने प्रतिद्वंद्वी पाटियों की गतिविधियों को रणनीति बनाकर नियंत्रित किया जा रहा है। आज अनेकों लोगों से बात करेंगे तो उनकी बात विचार व्यवहार में मीडिया की अभूतपूर्व भूमिका देखने को मिलेगी। कई मीडिया आज सरकारों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने लगे हैं जबकि कभी इनका मुख्य काम जनता के हितों के लिए कार्य करना होता था। यानि कि दो अलग-अलग विचारधारा, कार्य प्रणाली आज एक हो चुकी है जिसका परिणाम लोगों पर पडना शुरू हो गया है। लोग आज सोचने, समझने और तर्क करने की क्षमता का भी प्रयोग नहीं करते हैं। यह सच है कि हमेशा सत्ता पक्ष के सभी निर्णय शत-प्रतिशत सही हों यह जरूरी नहीं है पर विपक्ष का कमजोर होना, लिए गए निर्णयों में अपनी बात न रखना, स्वयं के कमजोर होने के साथ-साथ जनता को कमजोर करता है। सत्ताधारी पार्टी को 2019 लोकसभा चुनाव में 37.36 प्रतिशत (22.91 करोड़) वोट प्राप्त हुए थे। जबकि अन्य पार्टियों को 22.22 प्रतिशत (13.64 करोड़) कांग्रेस को 19.49 प्रतिशत (11.95 करोड़), वोट मिले थे। यानि कि सत्ताधारी पार्टी की तुलना में विपक्ष में कुल 62.64 प्रतिशत (38.44 करोड़) वोट मिले थे। ऐसे में जनता की आवश्यकता और मांग का मूल्यांकन कोई आसानी से नहीं कर सकता। वैसे भी राहुल गांधी पर हुई कार्रवाई के बाद विपक्ष के 14 दल सत्तारूढ़ भाजपा पर हमलावर हो गए है। सजा सुनाए जाने के 24 घंटे के अन्दर राहुल गांधी की सदस्यता समाप्ति के निर्णय भारतीय राजनीति के लिए एक नया उदाहरण बनकर सामने आया है। सबसे खास बॉत यह कि जिस कानून के तहत राहुल गांधी की सदस्यता गई वह कानून 2013 में राहुल गाधी के हस्तक्षेप के बाद बना। आम नजरिये से देखा जाए तो अदालत ने सजा पर अमल करने से पहले राहुल को 30 दिन की मोहलत दी लेकिन लोकसभा सचिवालय ने सदस्यता रद्द करने में 24 घंटे का समय भी नही लगाया ? इस मामले में सत्ता पक्ष लगातार पिछड़ों के आपमान की बॉत कर रहा है इसका कांग्रेसी तर्क यह दे रहे है कि उन्होंने किसी जाति नही बल्कि एक सरनेमा का नाम लिया। उनके अनुसार राहुल गांधी का सवाल था कि मोदी सरनेम वाले ज्यादातर चोर है। हालांकि सत्ता पक्ष और विपक्ष के लगातार टकराव को लेकर जनमानस क्या सोच रहा है यह शतप्रतिशत कहना तो अतिश्योक्ति होगा लेकिन राहुल गांधी पर हुई इस कार्रवाई के बाद विपक्षी पार्टियों द्वारा राहुल को समर्थन मिलने से उनका पक्ष मजबूत जरूर हुआ है। इसके बाद कुछ सवाल जो अब तक अनुत्तरित है। क्या विपक्ष ये बात समझा पाएगा कि लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। क्या भाजपा यह बताने में कामयाब रहेगी कि हम कार्रवाई कर रहे हैं, इसलिए विपक्ष एकजुट हो रहा है ? यह सब संयोग है या एक राजनीतिक प्रयोग है ? इसकी गूंज 2024 लोकसभा चुनाव तक सुनाई देगी ? चुनाव करीब आ रहे है, तस्वीर बदल रही है। निश्चित तौर पर थोड़ा वक्त बीतने पर यह भी पता चलेगा कि जनता किसके साथ खड़ी हो रही है।

# भूकंप की तैयारी सिर्फ इमारतों के बारे में नहीं है

**डॉ सत्यवान सौरभ**



सोशल मीडिया, टीवी चौनलों और अखबारों के जरिए आम लोगों के जान-माल को भूकंप से बचने के लिए सतर्क और सजग किया जा सकता है। भूकंप से जान-माल से बचाव न हो पाने की वजह यह भी है कि भूकंप आने का वक्त और अंतराल के बारे में वैज्ञानिक कुछ बता पाने की हालात में नहीं हैं। भूकंप आता है, तो लोग मनाते हैं कि वे बचे रहें, लेकिन कुछ साल गुजरता है और फ्रि भूल जाते हैं कि भूकंप फ्रि आ सकता है और उससे उनकी जान जा सकती है या गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं। इसलिए मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से भूकंप से बचने के लिए तैयार रहना जरूरी है। यह सोच कर हम नहीं बच सकते हैं कि ईश्वर जैसा चाहोगे वैसा ही होगा। और यह सोच बनाना भी ठीक नहीं कि इंसान के हाथ में कुछ भी नहीं है। यह सब खुद को तसल्ली देने के लिए तो हम कर सकते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सजगता और छद्म अभ्यास के जरिए बेहतर बचाव का उपाय हो सकता है। भारतीय भूभाग का लगभग 58: भूकंप की चपेट में है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए भारत के भूकंपीय जोनिंग मानचित्र के अनुसार, भारत को चार जोन - प्प, प्प्प, प्ट और ट में विभाजित किया गया है। वैज्ञानिकों ने हिमालयी राज्य में संभावित बड़े भूकंप की चेतावनी दी है। भारत का भू-भाग बड़े भूकंपीय तथ्यध् प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, विशेष रूप से हिमालयी प्लेट सीमा, जिसमें बड़ी भूकंपीय घटना (7 और अधिक परिमाण) की क्षमता है। भारत में भूकंप का मुख्य कारण इंडियन प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण होते हैं। इस अभिसरण के परिणामस्वरूप हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ है, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार भूकंप आ रहे हैं। भूकंप की तैयारी पर भारत की नीति मुख्य रूप से संरचनात्मक विवरण के पैमाने पर संचालित होती है। यह नेशनल बिल्डिंग कोड द्वारा निर्देशित है। इसमें स्तंभों, बीमों के आयामों को निर्दिष्ट करना और इन तत्वों को एक साथ जोड़ने वाले सुदृढीकरण के विवरण शामिल हैं। यह उन भवनों की उपेक्षा करता है जिनका निर्माण 1962 में ऐसे कोड प्रकाशित होने से पहले किया गया था। ऐसी इमारतें हमारे शहरों का एक बड़ा हिस्सा हैं। यह प्रवर्तन की प्रक्रियाओं में अचूकता मानता है। यह केवल दंड और अवैधताओं पर निर्भर करता है। यह भूकंप को व्यक्तिगत इमारतों की समस्या के रूप में मानता है। यह मानता है कि इमारतें मौजूद हैं और उनके शहरी संदर्भ से पूर्ण अलगाव में व्यवहार करती हैं। मौजूदा ढांचों की रेट्रोफिटिंग और अधिक दक्षता के साथ भूकंपीय कोड लागू करने के लिए कर-आधारित प्रोत्साहनों की एक प्रणाली बनाने की आवश्यकता है। यह अच्छी तरह से प्रशिक्षित पेशेवरों और सक्षम संगठनों का एक निकाय तैयार करेगा। सोशल मीडिया, टीवी चौनलों और अखबारों के जरिए आम लोगों के जान-माल को भूकंप से बचने के लिए सतर्क और सजग किया जा सकता है। भूकंप से जान-माल से बचाव न हो पाने की वजह यह भी है कि भूकंप आने का वक्त और अंतराल के बारे में वैज्ञानिक कुछ बता पाने की हालात में नहीं हैं। भूकंप आता है, तो लोग मनाते हैं कि वे बचे रहें, लेकिन कुछ साल गुजरता है और फ्रि भूल जाते हैं कि भूकंप फ्रि आ सकता है और उससे उनकी जान जा सकती है या गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं। इसलिए मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से भूकंप से बचने के लिए तैयार रहना जरूरी है। यह सोच कर हम नहीं बच सकते हैं कि ईश्वर जैसा चाहोगे वैसा ही होगा। और यह सोच बनाना भी ठीक नहीं कि इंसान के हाथ में कुछ भी नहीं है। यह सब खुद को तसल्ली देने के लिए तो हम कर सकते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सजगता और छद्म अभ्यास के जरिए बेहतर बचाव का उपाय हो सकता है। जापान इस मामले में एक अच्छा उदाहरण है। इसने अक्सर होने वाले भूकंपों से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तकनीकी उपायों में भारी निवेश किया है। भूकंप के प्रभाव को कम करने के लिए गगनचुंबी इमारतों को काउंटरवेट और अन्य उच्च तकनीक प्रावधानों के साथ बनाया गया है। छोटे घर लचीली नींव पर बनाए जाते हैं, और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को स्वचालित ट्रिगर के साथ एकीकृत किया जाता है जो भूकंप के दौरान बिजली, गैस और पानी की लाइनों को काट देते हैं। नीति को सर्वेक्षणों और लेखापरीक्षाओं से शुरू होना चाहिए जो भूकंप सभ्यता मानचित्र तैयार कर सकते हैं। ऐसे नक्शे का उपयोग करके, प्रवर्तन, प्रोत्साहन और प्रतिक्रिया केंद्रों को शहरी इलाकों में आनुपातिक रूप से वितरित किया जा सकता है। भूकंप की तैयारी पर एक नीति के लिए दूरदर्शी, क्रांतिकारी और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। भूकंप के विभिन्न खतरों के प्रति भारत की भेद्यता के लिए स्मार्ट हैंडलिंग और दीर्घकालिक योजना की आवश्यकता है। भारत ने भूकंप प्रतिरोधी निर्माण के लिये बिल्डिंग कोड और मानक स्थापित किये हैं। यह सुनिश्चित करने के लिये इन कोड और मानकों को सख्ती से लागू करना महत्त्वपूर्ण है कि भूकंप का सामना करने हेतु नई इमारतों का निर्माण किया जाए। इसके लिये नियमित निरीक्षण एवं मौजूदा बिल्डिंग कोड के प्रवर्तन की भी आवश्यकता होगी। पुरानी इमारतें वर्तमान भूकंप प्रतिरोधी मानकों को पूरा नहीं करती हैं और उनमें से कई को उनके भूकंपीय प्रदर्शन में सुधार के लिये पुन: संयोजन या सुदृढीकरण किया जा सकता है। भूकंप के प्रभाव को कम करने के लिये आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना महत्त्वपूर्ण है। इसमें निकासी योजना विकसित करना, आपातकालीन आश्रयों की स्थापना और भूकंप का सामना करने के तरीके पर कर्मियों को प्रशिक्षित करना शामिल है। अनुसंधान एवं निगरानी में निवेश किये जाने से भूकंप तथा उसके कारणों की हमारी समझ में सुधार करने में मदद मिल सकती है और प्रभाव का अनुमान लगाने एवं उसे कम करने हेतु बेहतर तरीके विकसित करने में भी मदद मिल सकती है। भूमि-उपयोग नीतियों की योजना बनाने और उन्हें विकसित करते समय भूकंप के संभावित प्रभावों पर विचार करना महत्त्वपूर्ण है। इसमें भूकंप की संभावना वाले क्षेत्रों में विकास को सीमित करना शामिल है तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि नए विकास को इस तरह से डिजाइन एवं निर्मित किया जाए जो क्षति के जोखिम को कम करता हो।

# मोदी को अनपढ़, तानाशाह, कायर

## चोर और भ्रष्टाचारी बताने वाले विपक्षी नेता जरा इन तथ्यों को पढ़ लें

**नीरज कुमार दुबे**




आज भारत दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे पुल बना रहा है, देशभर में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों का जाल तेजी से बिछाया जा रहा है, रेल-सड़क तथा हवाई परिवहन क्षेत्र की सूरत और सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आ चुका है। रूस-यूक्रेन युद्ध में भिड़े हुए हैं, सीरिया में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच युद्ध विकराल रूप ले रहा है, फ्रांस में सड़कों पर भारी विरोध प्रदर्शन दंगों का रूप लेता जा रहा है, इजराइल में अब तक का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन हो रहा है, ईरान में अपने हक की मांग को लेकर महिलाएं सड़कों पर हैं, पाकिस्तान गृह युद्ध की ओर बढ़ रहा है, श्रीलंका कंगाल हो चुका है, अफ्रीका के कई बड़े देश अब तक के सबसे खराब वित्तीय दौर को देख रहे हैं तो कई छोटे अफ्रीकी देश भुखमरी का सामना कर रहे हैं, अमीर यूरोपीय और पश्चिमी देश भी वित्तीय संकट का सामना कर रहे हैं और वहां कई देशों के कई बड़े बैंक बर्बाद हो चुके हैं। इस पूरे वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत शांति के साथ कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखते हुए आगे बढ़ रहा है लेकिन कुछ लोग कह रहे हैं कि देश में लोकतंत्र खत्म हो रहा है। पाकिस्तान में 56 मीटर से ज्यादा अंदर घुस कर आतंकवादियों को सबक सिखाने वाली सरकार, डोकलाम, पूर्वी लद्दाख और तवांग से चीनी सेना को पीछे हटाने और चाइनीज एप्स पर प्रतिबंध लगाने जैसे 56 सख्त कदम उठाकर ड्रैगन को घुटनों पर लाने वाली सरकार के 56 इंची सीने पर सवाल उठाने वाले जरा जवाब दें कि कैसे भारत पिछड़ रहा है?

**नित नई बुलंदियों को छू रहा है भारत**

आज भारत दुनिया का सबसे ऊँचा रेलवे पुल बना रहा है, देशभर में उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों का जाल तेजी से बिछाया जा रहा है, रेल-सड़क तथा हवाई परिवहन क्षेत्र की सूरत और सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन आ चुका है। गरीब तक उसके हक का पैसा बिना किसी बिचौलिये के पहुँच रहा है। देश में रोजगार चाहने वालों की अपेक्षा स्वरोजगार की इच्छा रखने वाले युवाओं की संख्या भी बढ़ी है जिसके चलते भारत स्टार्टअप और यूनिकॉर्न कंपनियों के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शुमार हो गया है। भले पुरानी सरकारों की नीतियों के चलते भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार निर्यातक है लेकिन अब आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम इतनी तेजी से बढ़ाये गये हैं कि रक्षा क्षेत्र से जुड़े तमाम उत्पादों का निर्माण यहीं हो रहा है। भारत ने सबसे बड़ी हेलीकाप्टर निर्माण फैक्ट्री लगाने का काम भी शुरू किया तो है साथ ही देश की पहली सेमीकंडक्टर फैक्ट्री भी लगाई जा रही है। ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत तैयार करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना पर तेजी से काम किया जा रहा है जिससे आने वाले समय में भारत का ऊर्जा आयात बिल कम होगा।

**आतंकवाद और उग्रवाद का खात्मा किया**

इसके अलावा यह पहली ऐसी सरकार है जिसके मंत्री पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर का सर्वाधिक दौरा करते हैं। यह पहली ऐसी सरकार है जिसके कार्यकाल में पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर में सर्वाधिक विकास परियोजनाएं चल रही हैं। स्वयं प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर का अब तक 50 से ज्यादा बार दौरा कर चुके हैं। पूर्वोत्तर में उग्रवाद लगभग खत्म हो चुका है और गलत राह पर गये लोग मुख्यधारा के जीवन में लौट चुके हैं इसीलिए अफ्सपा अब बहुत कम क्षेत्रों में बचा है। मोदी सरकार की नीतियों के चलते ही देश में वामपंथी उग्रवाद देश में लगभग काबू में है। कश्मीर में टैरर फंडिंग मॉड्यूल का खात्मा हो चुका है, शुक्रवार को अब नमाज के बाद वहां पथराव नहीं होता और आतंकवाद अब अपने अंतिम दौर में है। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती गांवों के लोग आजादी के बाद पहली बार शांति से रह रहे हैं क्योंकि पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी संघर्षविराम और मोदी सरकार के मुंहतोड़ जवाब दिये जाने के बाद से बंद है।

**प्रधानमंत्री अनपढ़ हैं या विपक्ष उनकी उपलब्धियों को पढ़ नहीं पा रहा?**

जो लोग प्रधानमंत्री को अनपढ़ बताते हैं उन्हें पता होना चाहिए कि यूपीआई जैसी सशक्त तकनीकों के माध्यम से मोदी ने भारत को तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था में तब्दील किया, नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजों की छोड़ी विरासत पर गर्व करने की बजाय देश को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाया और हमें गुलाम बनाने वाले ब्रिटेन को पछाड़ कर भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया, नरेंद्र मोदी ने देश को उसका पहला वॉर मेमोरियल दिया, नरेंद्र मोदी ने तमाम रियासतों को एकजुट कर मजबूत भारत बनाने वाले सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए स्टेच्यू ऑफयूनिटी बनवाई, नरेंद्र मोदी ने देश के सभी प्रधानमंत्रियों को समर्पित प्रधानमंत्री म्यूजियम दिया, नरेंद्र मोदी ने परमवीर चक्र विजेताओं के नाम अंडमान निकोबार के द्वीप किये, नरेंद्र मोदी देश को सेंट्रल विस्टा के रूप में आधुनिक सचिवालय देने जा रहे हैं, नरेंद्र मोदी देश को खुद का बनाया हुआ और भारत के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मूल्यों तथा तथ्यों के समावेश वाला संसद भवन देने जा रहे हैं, नरेंद्र मोदी इस देश की धड़कन प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं, नरेंद्र मोदी ने साहसिक निर्णय लेते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर का भारत में संपूर्ण तरीके से विलय किया और एक देश एक विधान, एक देश एक झंडा सिद्धांत को लागू किया, नरेंद्र मोदी ने हमारी जांच एजेंसियों को इतना सशक्त बनाया कि विदेश में घटित अपराधों के लिए वह मुकदमा भी दायर कर सकती हैं और जांच भी कर सकती हैं।

**प्रधानमंत्री कायर हैं या विपक्ष उनकी बहादुरी का सम्मान नहीं कर रहा?**

जो लोग प्रधानमंत्री को कायर बता रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो सीना ठोक कर भारत के हितों की बात करते हैं, नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो दुश्मन को उसकी भाषा में जवाब देने में विश्वास रखते हैं। नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो सेना को बदला लेने की योजना को स्थगित करने की नहीं बल्कि बदला लेने के लिए अपने हिसाब से समय और स्थान चुनने की सलाह देते हैं। नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो कहते हैं कि कोई हमें छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं। जो लोग प्रधानमंत्री को चोर बता रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि यह नरेंद्र मोदी ही हैं जिन्होंने यह नहीं देखा कि भ्रष्टाचारी किस दल से जुड़ा हुआ है। जिसने भी देश को लूटा उससे जनता के पैसे की वसूली की गयी। जो लोग बार-बार नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी की बात करते हैं उन्हें बता दें कि जांच एजेंसियां इनकी इतनी प्रॉपर्टी जब्त कर चुकी हैं कि देश के अधिकांश पैसों की वसूली हो चुकी है। इसके अलावा विजय माल्या के उद्योग-धंधे बर्बाद हो चुके हैं, नीरव मोदी लंदन की जेल में है और खर्चा चलाने के लिए उसके समक्ष उधार लेने की नौबत आ गयी है तो रौबीले अंदाज में रहने वाला मेहुल चोकसी व्हील चेयर पर आ चुका है।

**प्रधानमंत्री भ्रष्टाचारी हैं या भ्रष्ट नेताओं के लिए काल समान हैं?**

जो लोग प्रधानमंत्री को घोटालेबाज बता रहे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि और ऐसी सैंकड़ों सरकारी योजनाओं का लाभ देश की आम जनता को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। आज दिल्ली से चलने वाला एक रुपया गांव तक पहुँचते पहुँचते 25 पैसे नहीं रह जाता बल्कि पूरा का पूरा लाभार्थी के खाते में पहुँचता है। जो लोग सोशल मीडिया पर अभियान चला कर मोदी सरकार को विफल साबित करने में जुटे हैं जरा उन्हें देश के दूरदराज के इलाकों में जाकर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में पड़ताल करनी चाहिए। जब आप गरीबों, किसानों और वंचितों के बीच में जब जाएंगे तो आपको मोदी-मोदी ही सुनाई देगा क्योंकि जनता को सरकार के पास नहीं जाना पड़ता बल्कि सरकार खुद जनता के बीच जाती है।

**क्या प्रधानमंत्री सचमुच विपक्ष को कुचलने की मंशा रखते हैं?**

जो लोग आरोप लगाते हैं कि वह विपक्ष को कुचल देना चाहते हैं उन्हें पता होना चाहिए कि मोदी ने विपक्ष की प्रतिभाओं का जितना सम्मान किया उतना आज तक किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और देश के राष्ट्रपति रहे प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न सम्मान से अलंकृत कर ऐसी मिसाल कायम कर दी जो आजादी के बाद से आज तक देखने को नहीं मिली थी। मोदी सरकार ने आज तक जिन बड़े विपक्षी नेताओं को पद्म पुरस्कार से नवाजा है उनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे गुलाम नबी आजाद, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और बड़े वामपंथी नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य, असम के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे तरुण गोगोई, निर्दलीय सांसद रहे तरलोचन सिंह, पीडीपी नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और नगालैंड के चार बार के मुख्यमंत्री रहे एससी जमीर, ओडिशा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तीन बार सांसद रहे भबानी चरण पटनायक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, एनसीपी के ही पूर्व नेता और पूर्व लोक सभा अध्यक्ष पीए संगमा, नगालैंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोखियो सेमा, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रहे एसएम कृष्णा तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के नाम शामिल हैं।

CMYK

# बीजेपी ने कांग्रेस को घेरा

## कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने की थी अतीक अहमद की तारीफ

संवाददाता

लखनऊ। उमेश पाल अपहरण के 17 साल पुराने मामले में प्रयागराज की स्पेशल कोर्ट से सजा पाने के बाद माफिया अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल भेज दिया गया। वहीं इस मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी का दौर भी जारी है।

नेता एक दूसरे पर कीचड़ उछालने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस बीच कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इमरान इस वीडियो में अतीक का जमकर गुणगान कर रहे हैं। यूपी के देवरिया से बीजेपी विधायक डॉक्टर शलभ मणि त्रिपाठी ने अपने ट्विटर हैंडल पर भी इस वीडियो



को शेयर करते हुए कांग्रेस पर सवाल उठाए हैं। शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि, खूंखार अपराधी अतीक का यशगान सुनिए, कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी की जुबान से, ये है राहुल जी की कांग्रेस का चरित्र !!. भाजपा विधायक ने जो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है उसमें इमरान प्रतापढ़ी शायराना अंदाज में कह रहे हैं कि, ये इक शायर का दावा है कभी भी रद्द नहीं होगा, तेरे कद के बराबर अब किसी का कद नहीं होगा, इलाहाबाद वालों बात मेरी याद रखना तुम, कई सदियों तलक कोई अतीक अहमद नहीं होगा। बड़ी दुश्वारियां हैं पर जिसे गाया जरूरी है, छलक कर दर्द होंठो तक चला आया जरूरी है, इलाहाबाद वालों बात मेरी याद रखना तुम, तुम्हारे शहर पर इस शख्स का साया जरूरी है।अतीक अहमद की तारीफ में कांग्रेस सांसद के कसीदे पढ़ने का यह वीडियो पुराना बताया जा रहा है। इस वीडियो में इमरान, अतीक अहमद की तारीफ करते हुए नजर आ रहे हैं। इस मुशायरे में अतीक भी नीचे जमीन पर बैठा हुआ है और अपनी तारीफ पूरे मन से सुन रहा है। यह वीडियो सात साल पुराना बताया जा रहा है। उस समय इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस पार्टी में नहीं थे। वहीं सोशल मीडिया पर काफी लोग इस वीडियो की आलोचना कर रहे हैं।

# प्रमुख सचिव गृह से भारतीय पुलिस सेवा 2020-21 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के 16 अधिकारियों ने भेंट की

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह श्री संजय प्रसाद ने प्रशिक्षु आई0पी0एस0 अधिकारियों से कहा कि वे प्रदेश सरकार द्वारा दी गयी जिम्मेदारियों के समय आम जनता के हितो को सर्वोपरि समझते हुए कार्य करे। जनता की समस्याओं का निस्तारण पारदर्शिता से कराये। उन्होंने कहा कि आई0पी0एस0 अधिकारियो को अपने तैनाती स्थल पर छोटी-छोटी घटनाओं को भी गंभीरता से लेकर घटना स्थल पर पहुंच कर वास्तविक जानकारी प्राप्त करनी चाहिए। प्रमुख सचिव गृह आज अपने लोकभवन स्थित कार्यालय कक्ष के सभागार मे उ0प्र0 कैडर के 74 वें आर आर वर्ष 2020-21 बैच के 16 प्रशिक्षु आई0पी0एस0 अधिकारियों से भेट कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 बैच के आई0पी0एस0 अधिकारियों को विभिन्न जनपदों मे पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी दी गयी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षु अधिकारी अपनी बेहतर कार्य शैली एवं जन संवाद के माध्यम से आम जन नागरिकों में बेहतर छवि बनाने में कोई कसर न छोड़े। श्री संजय प्रसाद ने प्रशिक्षु आई0पी0एस0 आधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी जन आकांक्षाओं की कसौटी पर भविष्य में खरा उतरे और पूर्ण मनोयोग से अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करते हुए अधिक से अधिक जनता का विश्वास प्राप्त करे। प्रमुख सचिव गृह से मिलने आये प्रशिक्षु आई0पी0एस0 अधिकारी सर्व श्री अभिजीत कुमार, आदित्य, आदित्य बंसल, गृह श्री ए0 वी0 राजामौली एवं श्री बी0डी0 पाल्सन सहित पुलिस उपाधीक्षक, प्रशिक्षण, श्री हरेन्द्र सिंह भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वार और छानबे विधानसभा सीटों के उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित, 10 मई को होगा मतदान

संवाददाता, लखनऊ। निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश की स्वार और छानबे विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का कार्यक्रम बुधवार को घोषित कर दिया। इन सीटों के लिए आगामी 10 मई को मतदान होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के मुताबिक, स्वार और छानबे विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना आगामी 13 अप्रैल को जारी होगी और 20 अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। अगले दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी और 24 अप्रैल तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों सीटों पर उपचुनाव के तहत मतदान 10 मई को होगा जबकि मतगणना 13 मई को की जाएगी।गौरतलब है कि रामपुर जिले की स्वार सीट समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्लाह आजम खान को अयोग्य ठहराए जाने की वजह से खाली हुई है। अदालत ने जनवरी 2008 में अवैध रूप से राजमार्ग जाम कर धरना प्रदर्शन करने के मामले में अब्दुल्लाह को दो साल की सजा सुनाई थी जिसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त हो गई थी। दूसरी ओर, छानबे विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) के विधायक राहुल प्रकाश कोल के निधन के कारण रिक्त हुई है।

### एसकेडी हास्पिटल के नये सुपर स्पेशियालिटी क्लीनिक का शुंभारम्भ

संवाददाता, लखनऊ। स्वास्थ्य सेवाओं में अपने चौदह वर्षो के अनुभव व विश्वास के चलते एसकेडी हास्पिटल ग्रुप ने सभी स्वास्थ्य संबधी सेवाओ में अपना परचम लहराया है। इसी कड़ी में अपनी सफ्लताओं और सेवाओं को और विस्तृत रूप प्रदान करते हुये एसकेडी हास्पिटल्स ने अपने नये सुपर स्पेशियालिटी क्लीनिक का शुभारंभ हवन-पूजन के साथ धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर एसकेडी समूह के संस्थापक प्रोफेसर एस0के0डी0 सिंह, निदेशक मनीष सिंह, क्लिीनिकल निदेशक डा0 आशीष सिंह उनकी टीम सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थें। इस अवसर पर डा0 आशीष सिंह ने बताया कि इस सुपर स्पेशियालिटी क्लीनिक में में, सभी प्रकार की विशेष सुविधायें उपलब्ध होंगी जिनमें आर्थोपेडिक्स, फ्जिियोथैरेपी, ऑब्सट्रेटिक्स गायनो, जनरल मेडिसिन, सर्जरी, पीडियॉट्रिक्स, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी एवं ईएनटी की सुविधाओं के साथ उनके स्पेशिलिस्ट उपलब्ध रहेगें। एसकेडी समूह के संस्थापक प्रबंधक प्रोफेसर एस0क0डी0 सिंह ने हॉस्पिटल की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी साथ ही इस सुपर स्पेशियालिटी क्लीनिक को डॉ आशीष सिंह की नयी उपलब्धि बताया। वही निदेशक मनीष सिंह ने इसे समाज सेवा व जनसेवा का एक माध्यम बताया।

### लखनऊ विश्वविद्यालय मे व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु, हुआ समझौता

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और डॉ. के. सत्यनारायण, केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सी.टी.आर व टी.आई), रांची झारखंड के निदेशक ने केंद्रीय रेशम बोर्ड (सी.एस.बी.) कपड़ा मंत्रालय, बेंगलुरु, कर्नाटक और लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। प्रोमो सेराजुद्दीन, प्रो. अमिता कनौजिया, डॉ. जे.पी. पाण्डेय और डॉ. जे. बिनकादकट्टी उपस्थित रहे। समझौता ज्ञापन नई शिक्षा नीति के अनुसार अनुसंधान के संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए योजना बनाने और कार्यक्रमों को निष्पादित किया जाएगा। समझौता ज्ञापन व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक अनुसंधान को उत्प्रेरित करेगा। यह वैज्ञानिकों, संकार्यों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा, परियोजनाओं की सुविधा प्रदान करेगा। समझौता ज्ञापन में प्रावधान है कि दोनों पक्ष दोनों संस्थानों में (प्रासंगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को साझा करेंगे।

### विधि संकाय में नेशनल लॉ फेस्ट की तैयारी तेज

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजाल्यूशन एंड ड्राफ्टिंग सोसाइटी के द्वारा आयोजित किया जा रहा पहला नेशनल लॉ फेस्ट होगा। साथ ही नेशनल लॉ फेस्ट के पोस्टर का अनावरण करते हुए, कुलपति कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी, सोसायटी के प्रेसिडेंट तुषार, कन्वेनर स्वराज, एवं सोसायटी के छात्र उपस्थित रहे।

### अल्पसंख्यक वर्ग की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति करना सरकार की प्राथमिकता : धर्मपाल सिंह

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण, वक्फ एवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय बजट एवं आगामी कार्ययोजना के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग की सामाजिक, शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नति करना सरकार की प्राथमिकता में है। अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए प्रभावी नीतियां बनाई जाए, जिससे कि उनको रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध है। प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम के तहत संचालित परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने के लिए कार्यों में तेजी लाकर क्रियाशील किया जाएगा। जिससे जन सामान्य को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि मदरसों में छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा देने के लिए उनको गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, कम्प्यूटर जैसे विषयों का ज्ञान देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में इस विषयों के पठन-पाठन की उचित व्यवस्था करायी जाय। वहीं मदरसों में व्यावसायिक शिक्षा एवं कम्प्यूटर शिक्षा को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए।

# सेसमी इंडिया वर्कशॉप के एल्मो और चमकी बच्चों को बुनियादी स्वच्छता बनाए रखने के लिए हाथ धोने की सिखा रहे अहमियत

संवाददाता

लखनऊ। कोविड-19 महामारी की दस्तक के बाद संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए इस जीवनरक्षक आदत को आम जीवन का हिस्सा बनाने की बढ़ी अहमियत के बीच सेसमी इंडिया वर्कशॉप अपने मपेट एल्मो और चमकी से बच्चों को खेल-खेल में हाथ साफरखने की अहमियत सिखा रहा है। अमेरिका के रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के एक आकलन के मुताबिक हाथ साफरखने से डायरिया के हर तीन में से एक और श्वास संक्रमण के हर पांच में से एक मामले रोके जा सकते हैं। बावजूद इसके, बड़ी संख्या में लोग हाथों की सफाई पर ध्यान नहीं देते। विकसित देश,



जहां साबुन और पानी की बेहतर उपलब्धता है, एक अनुमान के मुताबिक, वहां भी 50 फीसदी से अधिक लोग नियमित अंतराल पर साबुन से हाथ नहीं धोते। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात गैर-लाभकारी मीडिया एवं शैक्षणिक संगठन सेसमी वर्कशॉप की भारतीय शाखा सेसमी वर्कशॉप-इंडिया स्वच्छता और बीमारियों की रोकथाम के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हाईजीन एंड बिहेवियर चेंज कोअलिशन (एचबीसीसी) के सहयोग से एक मल्टी-मीडिया अभियान चला रहा है। एचबीसीसी लोगों में स्वच्छ आदतें विकसित करने के लिए यूनिलीवर और ब्रिटिश सरकार के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) का एक गठबंधन है।

इस मल्टीमीडिया अभियान के तहत, सेसमी वर्कशॉप इंडिया ने लोगों को स्वच्छता और बीमारियों की रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए हिंदी, मराठी, तेलुगु और तमिल भाषा में सरल, लेकिन आकर्षक ऑनलाइन सामग्री उपलब्ध कराई हैं, जिनमें वीडियो से लेकर पोस्टर, डिडिटल गेम और ई-बुक शामिल हैं। ये सामग्री सोशल मीडिया साइटों-फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और रेडियो के अलावा समुदायों से सीधे संपर्क के जरिये परिवारों को मुहैया कराई जा रही हैं। इसके अलावा, सेसमी स्ट्रीट के अभिनव डिजिटल गेम एच फॉर हैंडवाशिंग का नया हिंदी संस्करण भी समुदायों में बच्चों और परिवारों के बीच वितरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में सेसमी इंडिया वर्कशॉप की ओर से बच्चों के लिए किए जा रहे काम के बारे में संस्थान की प्रबंध निदेशक सोनाली खान कहती हैं, हमारा लक्ष्य बच्चों और परिवारों के बीच स्वच्छता से जुड़ी जानकारी, व्यवहार और प्रथाओं को बढ़ावा देना तथा बच्चों की विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करना है। हाईजीन बिहेवियर चेंज कोअलिशन की मदद से हम स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण आदतों को लेकर अधिक से अधिक बच्चों और परिवारों तक पहुंच बनाने की कोशिशों में जुटे हैं।

# जल प्रमुख तत्व है, जल को बचाना हम सबका परम कर्तव्य है : वॉटर वुमेन

संवाददाता, लखनऊ। पंचतत्व फाउंडेशन की संस्थापक वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक की माँ गोमती की पदयात्रा बुधवार को अमेठी क्षेत्र में पहुंच गई। वॉटर वुमेन का विभिन्न स्थानों पर फूलमाला पहना कर स्वागत किया गया, उन्होंने जल का महत्व बताते हुये जगह-जगह जल शपथ दिलाई एवं पौधारोपण करने का भी आह्वान किया। वॉटर वुमेन शिप्रा पाठक ने बुधवार की सुबह माँ गोमती की पूजा-अर्चना के बाद बाराबंकी जिले के कमेला घाट से पदयात्रा शुरू की। धूल-धूप और घायल पैरों के दर्द को दरकिनार कर वॉटर वुमेन अमेठी जिले में प्रवेश कर गईं, यहाँ उन्होंने लोगों से संवाद किया। तमाम लोगों ने पदयात्रा का का अनुभव जानना चाहा तो, वॉटर वुमेन ने संस्मरण सुनाये, साथ ही गोमती पुल पर जल शपथ दिलाते हुये वॉटर वुमेन ने माँ गोमती




के किनारे पौधारोपण करने का आह्वान किया। वॉटर वुमेन ने कहा भारत नदियों से सुसज्जित देश है, नदियां हमारी धरोहर हैं, इन्हें संजो कर रखना हम सबका परम कर्तव्य है। जल तत्व प्रमुख तत्व है, इसका हमारे जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नदी के संरक्षण से ही जल संरक्षण संभव है। हमें अपनी नदियों को बचाना होगा, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियां दूषित पानी पीने से बच सकें।

# स्कूटी चुराने वाली महिला अरेस्ट,घर के बाहर खड़े वाहनों को करती टारगेट

संवाददाता

लखनऊ। राजधानी के विभूतिखंड़ थाना पुलिस ने बुधवार को पार्क और दुकान के बाहर चाभी लगी छोड़कर जाने वालों की स्कूटी चुराने वाली महिला चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी महिला ने अपने दिव्यांग पति और चार बच्चों का पेट पालने के लिए चोरी करने की बात कह पुलिस ने छोड़ने की गुहार लगाती रही।

पुलिस ने उसके पास से चोरी की छह स्कूटी बरामद की है। पुलिस उससे चोरी की स्कूटी खरीदने वालों के विषय में भी जानकारी जुटा रही है। एडीसीपी पूर्वी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि 28 मार्च को विभवखंड निवासी विशाल सिंह ने घर के बाहर से स्कूटी चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी तलाश में विभूतिखंड़ थाना पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज



खंगाले। जिसमें एक महिला की स्कूटी के साथ धुंधली तस्वीर दिखी। जिसके आधार पर महिला की पहचान चिनहट प्रेमबाग कालोनी निवासी आरती के रूप में हुई। मंगलवार रात उसको हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसके बाद उसकी निशान देही पर छह स्कूटी बरामद होने पर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से बरामद छह स्कूटी में से पांच विभूतिखंड थाना क्षेत्र से चुराई गई थीं। उसने चोरी की स्कूटी घर में छिपा कर रखी थी। पुलिस टीम उससे चोरी की स्कूटी खरीदने वालों के विषय में जानकारी कर रही है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में होगा 109वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस का अधिवेशन

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्व विद्यालय भारतीय विज्ञान कांग्रेस के 109वें वार्षिक सत्र की मेजबानी करेगा। अगले साल 3 से 7 जनवरी 2024 तक इसका आयोजन किया जाएगा। दावा हैं कि इवेंट में दुनिया भर से 20 हजार प्रतिनिधि शामिल होंगे। बड़ी बात यह हैं कि इस इवेंट के इनॉग्रेशन के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को इनवाइट किया जाएगा। इससे पहले भी लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित इस आयोजन में प्रधानमंत्री इसका उद्घाटन कर चुके हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि श्विश्वविद्यालय ने इससे पहले 1916, 1923, 1953, 1985 और 2002 में पांच बार भारतीय विज्ञान कांग्रेस की मेजबानी की है। भारतीय विज्ञान कांग्रेस की स्थापना का विचार लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो.पीएस




मैक मोहन और प्रो. जेएल सिमोंसेन द्वारा दिया गया था। भारतीय विज्ञान कांग्रेस एसोसिएशन की ओर से विश्वविद्यालय को यह जिम्मेदारी दी गई हैं। इस दौरान कई नोबल पुरस्कार प्राप्त वैज्ञानिकों के भी शामिल होने की संभावना हैं। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि भारतीय विज्ञान कांग्रेस 14 व्यापक वैज्ञानिक वर्गों के शिक्षाविदों के लिए एक बैठक का विशाल क्षेत्र हैं। जिसमें कृषि और वानिकी विज्ञान, पशु, पशु चिकित्सा और मत्स्य विज्ञान, मानव विज्ञान और व्यवहार विज्ञान पुरातत्व, मनोविज्ञान, शिक्षा और सैन्य विज्ञान सहित रासायनिक विज्ञान, पृथ्वी प्रणाली विज्ञान, इंजीनियरिंग विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, सूचना और संचार विज्ञान और प्रौद्योगिकी (कम्प्यूटर सहित विज्ञान), गणितीय विज्ञान (सांख्यिकी सहित), चिकित्सा विज्ञान (फिजियोलॉजी सहित), न्यू बायोलॉजी (जैव रसायन, बायोफिजिक्स और आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी, भौतिक विज्ञान, पादप विज्ञान सहित) पर विचार विमर्श होगा। उन्होंने बताया कि इन वर्गों के अलावा, भारतीय विज्ञान कांग्रेस में महिला विज्ञान कांग्रेस, बाल विज्ञान कांग्रेस और राष्ट्र की वैज्ञानिक प्रगति और कौशल की प्रदर्शनी भी शामिल है।

# बेटे की हत्या करने वाला पिता गिरफ्तार

संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के गदियाना गांव की है। रविवार देर रात एक पिता ने शराब के नशे में तैश में आकर अपने ही इकलौते बेटे को चाकू मारकर हत्या कर दी थी। आरोपी माता प्रसाद अपनी बहू से जेवर मांग रहा था। ताकि उन्हें बेचकर वह शराब के लिए पैसे जुटा सके। बहु ममता ने ससुर को जेवर देने से



इनकार कर दिया तो आरोपी माता प्रसाद अपने बेटे संदीप से झगड़ा करने लगा। देर रात तक विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी माता प्रसाद ने अपने इकलौते बेटे संदीप पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। जिससे संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। लखनऊ से मोहनलालगंज इलाके में हुई सनसनीखेज वारदात के बाद हत्यारोपी माता प्रसाद चाकू लहराते हुए फरार हो गया। आरोपी माता प्रसाद ने अपना मोबाइल फोन घर में ही छोड़ दिया था। माता प्रसाद की तलाश में जुटी पुलिस की कई टीमें लगातार दबिश दे रही थी। मोहनलालगंज पुलिस ने गाड़ी मशक्कत के बाद हत्यारोपी माता प्रसाद को हुलास खेड़ा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया।डीसीपी साउथ विनीत जायसवाल ने बताया कि बीते दिनों गदियाना गांव में पुलिस को सूचना मिली, कि एक पिता ने अपने पुत्र की चाकू गोदकर हत्या कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया था। कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में 3 टीमों का गठन कर 24 घंटे में हत्यारोपी की गिरफ्तारी की गई है।

# रालोद का किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र

संवाददाता, लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को किसानों की समस्याओं को लेकर पत्र लिखा। उन्होंने पत्र के माध्यम से पिछले दिनों कुदरत के कहर से किसानों की फसलों के हुए भारी नुकसान का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने अभी तक किसी भी तरह का मुआवजा घोषित नहीं किया है सरकार जल्द से जल्द किसानों को राहत देने का काम करें।उन्होंने पत्र में कहा कि कैन एक्ट के अनुसार 14 दिन के अंदर भुगतान न करने पर मिलो को गन्ना किसानों के बकाए पर ब्याज देने का प्रावधान है लेकिन बकाए पर मिलने वाले ब्याज को किसानों को भुगतान करने के बजाय सरकार द्वारा मिलो के पक्ष में माफकर दिया जाता है परंतु सरकार किसानों पर बकाया बिजली के बिलों को जबरन वसूल कर रही है।

# पहली अप्रैल से कबाड़ हो जायेंगे पुराने वाहन

## 22 रुपए किलो मिलेंगे दाम

संवाददाता

लखनऊ। एक अप्रैल का असर जेब पर ही नहीं पड़ेगा बल्कि पुराने वाहन भी कबाड़ में तब्दील हो जाएंगे। कबाड़ हुए वाहन की तौल में कीमत सिर्फ 22 रुपए प्रति किग्रा ही वाहन स्वामी को मिलेगी। इसका प्रस्ताव उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने शासन को भेज दिया है। कबाड़ में तब्दील हुए वाहन का 65 फीसदी ही मूल वजन माना जाएगा। रकम का 90 प्रतिशत भुगतान ही वाहन मालिक को दिया जाएगा, शेष भुगतान परिवहन विभाग के खाते में जाएगा। पुराने वाहनों के लिए पूरे प्रदेश में 12 सेंटर्स बनाए गए हैं, जिनपर काम शुरू हो गया है।15 साल पुराने वाहनों को कबाड़ में तब्दील कर इन्हीं सेंटर्स पर ले जाया जाएगा। स्क्रैप पॉलिसी के तहत कुल वाहन के वजन का 65 फीसदी का ब्यौरा वाहन स्वामी को दिया जाएगा. इसके बाद कुल भुगतान का 90 फीसदी ही वाहन स्वामी को दिया जाएगा।इस्पात मंत्रालय की गाइडलाइन के मुताबिक पिछले तीन माह के कबाड़ रेट के औसत से खरीद तय की जाए। औसत 45 से 50 रुपए प्रति किलो आ रहा है,लेकिन कबाड़ सेंटर्स के खर्च को देखते हुए 50 फीसदी पर यानि 22 से 25 रुपए प्रति किलो खरीद तय की गई है। परिवहन विभाग ने इस पॉलिसी को दो कैटेगिरी में डिवाइड किया है।सबसे पहले सरकारी पुराने वाहनों को कबाड़ नीति के तहत ध्वस्त किया जाएगा।इसके बाद निजी वाहनों को इसका हिस्सा बनाया जाएगा। 1 अप्रैल से कबाड़ नीति



पर काम शुरू कर दिया जाएगा। परिवहन विभाग के मुताबिक वाहन स्वामी स्वयं आकर भी कबाड़ नीति के तहत अपने वाहन को ध्वस्त कराकर 22 रुपए प्रति किलो के रेट से दाम पा सकता है।

CMYK

# चौत्र नवरात्र व राम जन्मोत्सव पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



खीरों, रायबरेली। पूरे देशभर में चौत्र नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में रायबरेली जिले के खीरों में भी चौत्र नवरात्र के दिन जिसमें बच्चे से लेकर महिलाएं,शामिल हुई। इस दौरान भक्तों में अलग ही उत्साह और उमंग देखने को मिला। इस भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। खीरों कस्बे में हाथ में भगवा लेकर थिरकते दिखे युवा चौत्र नवरात्र के मौके पर निकाली गई भव्य श्रीराम शोभायात्रा, की अगुवाई भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह ने की वही जयश्रीराम का नारा लगाते युवाओं मेंगजब का उत्साह दिखा। भव्य श्रीराम शोभायात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की झांकी लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र रही। यह श्रीराम शोभायात्रा पूरे खीरों कस्बे में निकली गयी। शोभायात्रा में रामदरबार की झांकी आकर्षण का मुख्य केंद्र था। श्रामजी की निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारीश् गीत के साथ नगर में निकाली गई राम दरबार की झांकी को देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। शोभा यात्रा के दौरान भगवा ध्वज लहराते हुए युवाओं की टोली में उत्साह देखा गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराम सिंह, दिलीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता, गौरव सिंह, राजेश मिश्रा, उत्तम सविता,अक्षय चौधरी, पंकज गुप्ता, शिवम गुप्ता, अजय गुप्ता राहुल गुप्ता, ब्रजेश पांडेय, अनूप सोनी, अखिलेश धानुक, सरोज धानुक, गुड्डू नाती सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खेत में अधेड़ के पड़े होने का वीडियो वायरल

## गांव के ही लोगों पर रंजिशन रस्सी से बांधने का आरोप, बोले- मामले में जांच कर की जाएगी कार्रवाई

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई। अरवल इलाके में एक अधेड़ के खेत में बंधे होने का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें खेत में पड़े अधेड़ की पत्नी शोरगुल मचा रही है। प्रधानी की रंजिश में गांव के प्रधान समेत पांच पर मारपीट कर बांधने का आरोप है। फिलहाल मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले के जांच में जुटी है बताया गया कि अरवल थाना क्षेत्र के खरगपुर निवासी कौशलेंद्र त्रिपाठी रोज की तरह खेत पर टहलने गया था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के करीब आधा दर्जन लोगों ने मुंह पर कपड़ा डालकर उसे दबोच लिया। जिसके बाद उसके हाथ पैर -बांध दिए और उत्तर की तरफबगिया की ओर ले जाने लगे। जिसमें हाथापाई होने लगी तो पीड़ित ने बताया कि दो लोगों को उसने पहचान लिया। जोकि गांव के ही जुगेंद्र सिंह व आदेश उर्फ छुन्नी है तीन अन्य को वह पहचान नहीं सका। बगिया की ओर ले जाते समय वह गांव के लालू के खेत में गिर गया। हमलावरों के पास हथियार भी थे और वह एक दूसरे से यह कह रहे थे कि गोली ना मारना इसे बांधकर लटका देंगे। पीड़ित ने बताया कि जब वह गिर गया तो हमलावर उसे मृत समझकर छोड़कर भाग गए। हमलावरों के द्वारा चारपाई में प्रयोग की जाने वाली प्लास्टिक की रस्सी से फंद्दा बनाया गया। जिसके निशान उसके गले पर पड़े है। जब उसके परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने बेहोशी की हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां होश आने पर पीड़ित को घर लाया गया। इस घटना का आरोप पीड़ित कौशलेंद्र त्रिपाठी ने गांव के प्रधान समेत पांच लोगों पर लगाया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले के जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक किसी ने यह घटना नहीं देखी है। फिर भी पीड़ित ने प्रधानी की रंजिश में घटना होना बताया है। एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक अधेड़ रस्सी से बंधा हुआ पड़ा है। जिसने गांव के प्रधान समेत पांच लोगों पर आरोप लगाया है।

# श्रीराम के जन्म झांकी देख जय श्रीराम के लगे उद्घोष

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



पर्व बडे ही श्रद्धाभाव व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही इस मौके पर संगीतमयी सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन भी किया गया। गुरुवार की दोपहर मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म होते ही घण्टा, शंख आदि संगीतमयी ध्वनियों के बीच जय श्रीराम के जयघोषों से समूचा मन्दिर प्रांगण गुंजायमान हो गया। मौजूद श्रद्धालु महिला-पुरूष भक्तजनों ने आचार्य राहुल दीक्षित द्वारा कराये गये वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रभु राजाराम का पूजन अर्चन कर उनके जन्मोत्सव की खुशियां बांटकर सर्वकल्याण की कामना की। इससे पूर्व मन्दिर परिसर में स्थापित जगतजननी माँ दुर्गा के मन्दिर में भी पूजा पाठ के साथ कन्याभोज कराया गया। वहीं मन्दिर प्रांगण में रामनवमी से प्रारम्भ होने वाली श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ समारोह का भी कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हो गया। पीताम्बर पहने महिलाओं ने अपने-अपने सिर पर कलश धारण करके विधिवत मन्दिर परिसर का भ्रमण कर जल भरने के उपरान्त कथा पाण्डाल में कलशों की स्थापना करवायी।

## हर्षोल्लास से मनाया गया रामजन्मोत्सव

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के गंगा पुर खेखरुवा स्थित बाबा घिसियावन दास कुटी एवम बाबा हरिदास जी महाराज की कुटी बबुरिहा धाम पर बड़े ही हर्षोल्लास से भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं नें जहा सीता राम नाम पाठ के अलावा मानस पाठ किया वही महिलाओं ने मंगल गीत गाए। खेखरुवा कुटी के महंत बाबा राम बचन दास और बबुरीहा महंत लक्ष्मण दास ने जन्मोत्सव के दौरान मौजूद भक्तो पर पुष्प वर्षा कर भगवान के जन्म की खुशी का इजहार किया । श्रद्धालुओं भी अपनी प्रसन्नता प्रगट करने में पीछे नहीं थे उन्हों ने भी अबीर गुलाल उड़ा कर अपनी प्रसन्नता प्रगट की। दोनो पूज्य कूटियो पर फलाहारी भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कस्बे के राम जानकी मंदिर में उपजिलाधिकारी धीरज श्रीवास्तव व तहसीलदार अभिनव पाठक की अगुवाई में रामचरित मानस पाठ का आयोजन कराया गया।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव, पत्नी को विदा कराने आया था ससुराल

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई। बिलग्राम नगर में गुलाब बाड़ी चूंगी के निकट आम के बाग में एक युवक का शव लटकता मिला है। जोकि अपनी ससुराल काजीपुरा में पत्नी को विदा कराने आया था। काफी समय से पति -पत्नी में विवाद चल रहा था इसी वजह से पत्नी ससुराल नहीं जा रही थी। इसी बात से नाराज होकर उसने ससुराल से बाहर आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बताया गया कि बिलग्राम के गुलाब बाड़ी चुंगी के पास आम के बाग में एक युवक का शव पेड़ से लटकता मिला। सुबह राहगीरों ने जब शव को लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। युवक के शव की पहचान 25वर्षीय मस्तान पुत्र कदीर निवासी तकिया बहादुरपुर जिला कन्नौज के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि युवक की ससुराल बिलग्राम नगर के मोहल्ला काजीपुरा में थी। युवक कल ही अपनी ससुराल में पत्नी को विदा कराने आया था। किसी बात को लेकर युवक ससुराल से बाहर निकल आया और गुलाब बाड़ी चुंगी के पास एक आम के बाग में पेड़ से फांसी लगा ली। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले के जांच में जुटी है। दूसरी और बिलग्राम पुलिस ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। पिता कदीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरा बेटा ससुराल आया था। जिसने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली है। उन्होंने पुलिस से जांच कराकर कार्रवाई कराने की मांग की है। सीओ बिलग्राम सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में पीएम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला चिकित्सालयो पर मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

संवाददाता, हरदोई में शासन के द्वारा जारी किए गए विशेष अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बावन, पिहानी, सण्डीला एवं जिला महिला चिकित्सालय पर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया जिसमे नवजात कन्याओ की माताओ तथा पिता को बेबी किट व बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा बालिकाओ के लिए जन्म से लेकर उनकी शिक्षा तक 6 चरणों मे चलने वाली मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की समस्त जानकारी प्रदान कर पात्रता की श्रेणी में आने वाली बालिकाओ के आवेदन हेतु प्रेरित किया गया तथा आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्या के लिए जिला प्रोबेशन कार्यालय में सम्पर्क करने के लिए कहा गया।

## सहजराम बाबा का ऐतिहासिक मेला शुरू

संवाददाता, सुलतानपुर/ बंधुआ कला स्थित बाबा सहजराम का ऐतिहासिक मेला शुरू हो गया है. बाबा जी का सगरा पर चौत्र राम नवमी गुरुवार से शुरू इस मेले में दूर दराज से दूकानदार आए हुए हैं. बड़े स्तर पर लकड़ी के सामानों की बिक्री भी होती है. बेल, मिटटी के सामान को बेचने के लिए भी दुकानदार यहां पहुंचते हैं. एक दुकानदार ने बताया की मेला अभी शुरू हुआ है. समय के हिसाब से अच्छा कारोबार होने की उम्मीद है. सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं. बंधुआ कला थाना प्रभारी रवींद्र सिंह ने बताया की हल्का दारोगा राम प्रकाश की अगुवाई मे उचित पुलिस बल की तैनाती की गयी है. अराजकतत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है.गांव में घुसे चार बदमाशों ने एक घर में असलहे की नोक पर की लूट

## पुलिस ने एक घंटे में तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई। टड़ियावां थाना क्षेत्र के ग्राम गुलरिया में देर रात में स्विफ्ट डिजायर गाड़ी से आए बदमाशों ने एक घर में घुसकर असलहे की नोक पर एक युवक को बंधक बनाकर पीटा और स्मार्टफोन समेत सोने व चांदी के जेवर लूट कर भाग गए देर रात की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन बदमाशों को एक घंटे में गिरफ्तार कर लिया एसपी राजेश द्विवेदी ने कहा कि घटना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया गया और बदमाशों के भागने की दिशा सहित सभी रास्तों पर भारी पुलिस बल के साथ बदमाशो की खोजबीन की गई गांव से कुछ दूर आगे जाकर बदमाशो की गाड़ी पुलिया के पास फंस जाने के कारण तीन बदमाश लूटे हुए स्मार्ट फोन व सोने चांदी के जेवरात के समेत गिरफ्तार कर लिए गए जबकि एक बदमाश भागने में सफल रहा फरार हुए बदमाश को पुलिस ने जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा किया है

## दबंगों ने घर में घुसकर की महिला समेत परिवारीजनों की पिटाई, मामला दर्ज

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। घर में देवी पूजन कार्यक्रम के दौरान दबंगों ने घर में घुसकर महिला समेत अन्य परिवारीजनों की पिटाई कर दी, पुलिस ने मामले में तीन लोगों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव उसरैना का है, गाँव निवासी संगीता का कहना है कि बुधवार की शाम उसके घर में देवी पूजन कार्यक्रम था और वहां डीजे बज रहा था, तभी पड़ोस के तीन लोग आकर गालीगलौज करने लगे, जब उसके पति अमृतलाल ने इसका विरोध किया तो उसकी पिटाई शुरू कर दी और बीचबचाव करने पर उसे व बेटी दिव्या को भी मारपीट कर घायल कर दिया, गुरुवार को पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि संगीता की तहरीर पर सचिन, बंटू व परवीन के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास से मनाया राम जन्मोत्सव

संवाददाता, हरदोई। विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ताओं द्वारा चौत्र मास के नवरात्रि के शुभ अवसर पर श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ का आयोजन अष्टमी के दिन नरसिंह भगवान मंदिर सांडी रोड हरदोई पर प्रारंभ किया गया दूसरे दिन 30 मार्च 2023 को समापन किया गया अखंड पाठ समापन के पश्चात यज्ञ हवन का कार्यक्रम संगठन से जुड़े विद्वान आचार्य कुलदीप मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया तथा मातृशक्ति ने मंगल गीत गाए एवम वृहत स्तर पर कन्या भोज किया गया इस अवसर पर जिला प्रभारी संजीव अग्निहोत्री ने सभी सनातन धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म की आस्था के प्रतीक हम सभी के अराध्य भगवान श्री राम का अपमान किसी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पुलिस मुठभेड : एक बदमाश के पैर में लगी गोली, पुलिस ने चार बदमाश दबोचे

संवाददाता



बकेवर,इटावा। इटावा जनपद के थाना क्षेत्र बकेवर अन्तर्गत भरथना-बकेवर मार्ग स्थित सेंगर नदी के निकट गुरुवार की अलख सुबह पुलिस की दो बाइकों पर सबार चार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई जिसमें एक बदमाश के पैर में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया,जबकि पुलिस ने बाकी तीन बदमाशों को भी मौके पर ही दबोच लिया। आपको बतादें उक्त स्थान पर थाना बकेवर पुलसि को देख बदमाशों ने पुलिस पर जान लेवा हमला बोलते हुए गोली चलादी, जवाब में पुलसि ने भी बदमाशों पर फायरिंग शुरू करदी जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। जबकि बाकी बचे तीनों बदमाशों को पुलिस ने दौड़ा कर मौके पर ही दबोच कर गिरफ्तार कर लिया। प्रदेश में पुलिस का आपरेशन क्लीन जारी है, बकेवर इलाके में सेंगर नदी के पास पुलिस और दो बाइक सवार बदमाशों में जोरदार मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलि?स ने बाकी बचे तीनों बदमाशों को भी मौके पर ही दौड़ाकर दबोच लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया की गुलगुलिया उर्फ शिवम उर्फ मोहित नाम के एक बदमाश के पैर मे गोली लगी है। उसे उपचार के लिए थाना बकेवर अन्तर्गत इलाज हेतु महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया है। घायल बदमाश थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के कोकपुरा का रहने वाला है। इसके अलावा कानपुर नगर आउटर निवासी शंभू पुत्र बाला कंजड़ है। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र निवासी काली चरण उर्फ कल्लू व दिलीप नगर निवासी सौरभ शर्मा सहित चारों बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से पांच मोबाइल फोन,कई लूट की वारदातो के जेवरात और अवैध हथियार पुलिस ने बरामद किए हैं। पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए बदमाश गुलगुलिया के खिलाफ दस अपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पकडे गए तीन बदमाशों का भी अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि 25 मार्च को इन्हीं बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। यह सभी लूट की वारदातों को अंजाम देते थे।

# श्रीराम शोभा यात्रा का लोगो ने पुष्पबर्षा कर किया स्वागत

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

भरथना, इटावा।''एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम'' के गुंजित स्वरों के साथ नगर भ्रमण को निकली विशाल श्रीराम शोभा यात्रा में सम्मिलित रामभक्तों ने सम्पूर्ण नगर को राममय कर दिया। इस बीच नगर बासियों ने शोभा यात्रा का पुष्पबर्षा कर कई जगह स्वागत सम्मान किया। रामनवमी के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल समेत अन्य हिन्दूवादी संगठनों के तत्वाधान में संगीतमयी ध्वनियों के साथ कस्बा के मुहल्ला जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण से प्रारम्भ हुई विशाल श्रीराम शोभा यात्रा में सैकडों की संख्या में युवाओं व रामभक्तों ने अपने-अपने माथे पर चन्दन का लेप लगाकर हाथों में ध्वज लेकर ''एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम'' के जयघोषों के साथ नगर भ्रमण किया। नगर के प्रमुख मार्गों पर सरोजनी रोड, बालूगंज,पुराना भरथना, मण्डी रोड, मन्दिर दानसहाय, आजाद रोड आदि मार्गों पर भ्रमण के बाद जैसे ही शोभा यात्रा कस्बा पुलिस चौकी के निकट पहुचीं इस बीच प्रेस क्लब भरथना के पूर्व अध्यक्ष पंडित दिवाकान्त शुक्ला, पूर्व महामंत्री विजयेन्द्र तिमोरी, कृष्ण कांत शुक्ला आदि क्लब के पूर्व सदस्यों ने पुष्पबर्षा कर जोरदार स्वागत सम्मान किया। इसके बाद शोभा यात्रा जवाहर रोड स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण पर ही समापन हुआ। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की भक्ति में सराबोर युवाओं ने यात्रा के दौरान श्रीराम के गगनभेदी जयघोषों से समूचा नगर राममय कर दिया।

# स्वास्थ्यकर्मी का सराहनीय कार्य बचाई महिला की जान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



हरदोई। गरीब जरूरतमंद की दुआओं में बड़ा असर है साहब, किसी जरूरतमंद की ओर मदद के हाथ बढ़ा कर तो देख, कुछ इसी जज्बे के साथ आज जिले के मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध ब्लड बैंक में तैनात एक लैब टेक्नीशियन ने मानवता की मिसाल पेश की है। ब्लड बैंक में लैब टेक्नीशियन के पद पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी सुधीर वर्मा को जब एक महिला के लिए अर्जेंट ब्लड की जरूरत होने की बात पता चली तो उन्होंने फौरन रक्तदान करने की मन में ठानी और इसके बाद महिला के लिए रक्तदान कर उसकी जान बचा ली। बताते चलें कि जिला महिला अस्पताल में भर्ती एक प्रसूता का तत्काल ऑपरेशन किया जाना था और उस महिला के लिए ।ठ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत थी लेकिन ब्लड बैंक में इस ग्रुप का रक्त मौजूद नही था। महिला के किसी रिश्तेदार का ब्लड ग्रुप भी ।ठ पॉजिटिव नही था। ब्लड बैंक में तैनात लैब टेक्नीशियन सुधीर वर्मा का ब्लड ग्रुप और महिला का ब्लड ग्रुप समान था। इस बात की जानकारी जब ब्लड बैंक में तैनात लैब टेक्नीशियन सुधीर वर्मा को हुई तो वह फौरन महिला के लिए रक्तदान करने के लिए तैयार हो गए और उन्होंने रक्तदान कर महिला की जान बचा ली।ब्लड बैंक में तैनात लैब टेक्नीशियन सुधीर वर्मा के इस मानवीय कार्य की सभी प्रशंसा कर रहे है तो वहीं महिला के परिजनों ने भी लैब टेक्नीशियन सुधीर वर्मा का आभार व्यक्त किया है।

# सब्जी मंडी में बिरहा के मुकाबले में उमड़े लोग

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



जौनपुर। चौत्र नवरात्रि उत्सव समिति सब्जी मंडी द्वारा मां काली जी के मंदिर पर नवरात्र उत्सव के क्रम में लोकगीत बिरहा का शानदार आयोजन किया गया जिसमें वाराणसी के लोकगीत गायक ऋतुराज एवं प्रयागराज जिले के दिनेश यादव के बीच शानदार मुकाबले का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं विशिष्ट अतिथि रमेश बरनवाल समाजसेवी एवं विवेक सेठ मोनू द्वारा किया गया। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष गोपाल साहू एवं कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता संयोजक रुद्राक्ष मोहन एवं दीपक जायसवाल सभासद द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया इसी क्रम में मुख्य अतिथि गिरीश चंद यादव द्वारा संस्था के वरिष्ठ सदस्य ओम प्रकाश गुप्त ज्ञानेश्वर गुप्त सुनील सेठ सुरेंद्र प्रजापति रामकुमार साहू को स्मृति चिन्ह एवम अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। राज्य मंत्री ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न लोकगीत की सनातन परंपरा को पुनर्जीवित करने का सराहनीय प्रयास किया गया है श्रोता गणो ने बिरहा का पूरी रातआनंद उठाया कार्यक्रम समाप्ति पश्चात समिति के अध्यक्ष गोपाल साहू ने बिरहा में आए हुए सभी स्त्रोतों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन अनिल गुप्ता ने किया कार्यक्रम में श्याम मोहन अग्रवाल डॉक्टर रामसूरत मौर्या धर्मपाल कनौजिया रमेश चंद्र यादव अध्यक्ष दुग्ध संघ वीरेंद्र प्रजापति अभिनव साहू अमन साहू हर्षित साहू आशीष गुप्ता आदित्य प्रजापति मनोज प्रजापति संदीप साहू अर्पित प्रजापति विकास प्रजापति शुभम मद्धेशिया आज का सेहरा इत्यादि लोग उपस्थित रहे ।

# गेंहू के खेत में लगी भीषण आग, कई बीघे फसल जलकर राख

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



ऊँचाहार, रायबरेली। क्षेत्र के पट्टी रहस कैथवल गाँव के पास गेंहू के खेत में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई, सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई लेकिन जब तक वो मौके पर पहुंचती तब तक ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया था, पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। गुरुवार की दोपहर बाद गाँव निवासी सुरेश सिंह के गेंहू के खेत में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, और देखते ही देखते आग ने बगल में मौजूद कमलेश मौर्य व मन्नू जायसवाल के खेत को भी जद में ले लिया, ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक करीबन तीन बीघे फसल जलकर राख हो चुकी थी। एसडीएम आशीष कुमार मिश्र ने बताया कि हल्का नुकसान को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन कराया जायेगा।

# हिस्ट्रीशीटर के कांप्लेक्स पर गरजा बाबा का बुल्डोजर

## इटावा में करोड़ों के कांप्लेक्स को किया ध्वस्त

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता




इटावा। इटावा शहर के मोस्टवांटेड अपराधी अनीश उर्फपासू के कांप्लेक्स पर गुरुवार की सुबह इटावा प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया इससे दो वर्ष पूर्व जिलाधिकारी के आदेश पर श्री सीटर बदमाश अनीश उर्फपाशू के खिलाफ कड़ी कार्रवााई करते हुए उसकी सभी अवैध संपत्तियों को सीज कर दिया गया था गुरुवार को उसी संपत्ति में से एक कांप्लेक्स को बिना नक्शा पास कराए बनवाया था, जिसको ढहा दिया गया आपको बतादें कि उक्त हिस्ट्रीशीटर बदमाश अनीश उर्फपाशू पर 45 मुकदमे दर्ज है जिसमें लूट हत्या गैंगस्टर गुंडाएक्ट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि उक्त कॉमर्शियल भवन गैंगस्टर एक्ट के तहत प्रशासन द्वारा अटेच किया गया था। बिना नक्शे के बने इस अवैध भवन के ध्वस्ती करण का आदेश एक वर्ष पूर्व ही हो गया था लेकिन गैंगस्टर एक्ट में कुर्क होने के चलते ध्वस्ती करण की ये प्रक्रिया लंबित थी। अब प्रशासन द्वारा उक्त भवन को गैंगस्टर एक्ट से निर्मुक्त कर दिया गया है जिसके चलते ध्वस्ती करण की राह आसान हो गयी जिसके फलस्वरूप इस अवैध निर्माण का प्रशासन द्वारा ध्वस्तीकरण किया जा रहा है। नोटिस के विरुद्ध उक्त भवन स्वामी के परिजन हाईकोर्ट भी गए थे जिसके चलते तीन दिन का स्टे दिया गया था।

CMYK

# प्रशासन की देख-रेख में जनपद में काफी धूम धाम से मनाया गया चौत्र रामनवमी के पर्व

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकर नगर। जनपद में कलश यात्रा का शुभारंभ प्रात: 8रू00 बजे पटेल नगर तिराहा नगर पालिका अकबरपुर से जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक राकेश प्रसाद, डी सी एन आर एल एम आर बी यादव, डी एच ओ, डी एस ओ,डीपीआरओ, सीडीपीओ तथा अन्य अधिकारी की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा में एनआरएलएम की महिलाएं,आईसीडीएस की महिलाएं, पंचायत सहायक तथा अन्य महिलाएं सम्मिलित रही। यह कलश यात्रा नगर पालिका अकबरपुर के प्रमुख मोहल्लों में घूमती हुई जिला जज आवास, सीडीओ आवास पर कलश यात्रा का स्वागत करते हुए कलेक्ट्रेट होते हुए लोहिया भवन में पहुंची। रामनवमी के शुभ अवसर पर श्री राम जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन एमएलसी डॉ हरिओम पांडे की अध्यक्षता में लोहिया भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय एम एल सी महोदय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर बालकांड पाठ कीर्तन भजनध्रामायण मंडली द्वारा किया



गया। कार्यक्रम में उपस्थित एमएलसी डॉ हरिओम पांडे, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, डीसी एन आर एल एम आर बी यादव, परियोजना निदेशक राकेश प्रसाद, उपमा पांडे तथा अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में हवनध्पूजन किया गया ।हवन पूजन के उपरांत श्री राम की आरती की गई तथा श्री जन्मोत्सव की खुशी पर पुष्प बरसाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न कलाकारों द्वारा श्री राम चंद्र के लीला का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी डॉ हरिओम पांडे द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रामनवमी के दिन भगवान राम का जन्म हुआ था। इसलिए इसे श्री राम जन्मोत्सव के रूप में मनाते हैं। भगवान श्री राम को मर्यादा का प्रतीक माना जाता है। उन्हें पुरुषोत्तम यानि श्रेष्ठ पुरुष की संज्ञा दी जाती है । वे स्त्री पुरुष में भेद नहीं करते। कहा जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म रावण के अंत के लिए हुआ था। अयोध्यापुरी राजा दशरथ के घर में भगवान श्री राम का जन्म हुआ था। लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न उनके भाई थे। जिस दिन अयोध्या में माता कौशल्या की कोख से भगवान राम का जन्म हुआ था, उस दिन चारों ओर हर्षों- उल्लास का माहौल था। डी सी एन आर एल एम आर बी यादव द्वारा श्री राम जन्मोत्सव के बारे में विस्तार से प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का समन्वय संस्कृति विभाग द्वारा नामित उपमा पांडे तथा जिला प्रशासन द्वारा नामित नोडल डी सी एन आर एल एम आर बी यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सुरक्षा राजवंश श्रीवास्तव , डी एच ओ, डीपीआरओ, अन्य अधिकारी/ कर्मचारी, समूह की महिलाएं, जनप्रतिनिधि तथा अन्य लोग मौके पर उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण की चपेट में जनपद मुख्यालय

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकर नगर। नगर मुख्यालय अकबरपुर में जगह-जगह अतिक्रमण व जाम की चपेट में है। लगभग पांच माह पहले यहां बुलडोजर गरजा था तब थोड़ी राहत मिली थी लेकिन अब एक बार फिर अतिक्रमण हावी हो गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर से शहरों में लगने वाले जाम को लेकर चिंता जताई है। राजधानी में गत दिवस ही उन्होंने शहरों को जाम से निजात दिलाने के लिए अफसरों को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। लेकिन जिले के अफसर कब और कितने दिनों में ये कार्ययोजना बनाएंगे, ये बड़ा सवाल है। तब तक इनकी सुस्ती का खामियाजा आम जनता रोज भुगतेगी ।करीब पांच माह पहले एसडीएम व ईओ के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया था। लगभग एक पखवाड़े तक स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण पर जमकर बुलडोजर गरजा था। ज्यादातर लोगों ने स्वयं ही अतिक्रमण हटा दिया था। अतिक्रमणमुक्त हो जाने से काफी हद तक जहां जाम की समस्या दूर हो गई थी तो वहीं लोगों को भी लाभ मिला था। इस बीच दुकानदारों ने एक बार फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर दिया। मौजूदा समय में एक बार फिर से लगभग पूरा अकबरपुर नगर अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है। सबसे ज्यादा दिक्कत फव्वारा तिराहा से चौक होते हुए रामजानकी मंदिर तक, शहजादपुर चौक से सब्जीमंडी तक तथा इसके अलावा दोस्तपुर चौराहा, पहितीपुर चौराहा, अयोध्या मार्ग, पहितीपुर मार्ग, दोस्तपुर मार्ग, बस स्टेशन क्षेत्र, पटेलनगर, बसखरी मार्ग व टांडा मार्ग आदि क्षेत्र में है। यहां सड़क की पटरियों पर कब्जा करने के अलावा पिच सड़क तक दुकानदारों द्वारा सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया गया है। प्रतिदिन गश्त के नाम पर रूटमार्च करने वाले पुलिसकर्मी जाम के अगल बगल से ही गुजरते हुए निकल जाते हैं लेकिन वे भी इस तरफ ध्यान नहीं देतेशहजादपुर चौक क्षेत्र में पूरी तरह से अस्थाई अतिक्रमण की चपेट में हैपटरी पर दुकानों के लग जाने से सड़क संकरी हो गई है। स्थाई दुकानदारों ने भी दुकान के सामने सामान पटरियों पर लगा दिया है। एक तरफ अतिक्रमण तो दूसरी तरफ दुकानों के सामने आड़े तिरछे खड़े वाहन सुचारू आवागमन में व्यापक बाधक बन रहे हैं। मौजूदा समय में पर्व का दौर चल रहा है। ऐसे में अकबरपुर नगर की प्रमुख बाजार में शामिल शहजादपुर में बड़ी संख्या में खरीदार पहुंच रहे हैं। अतिक्रमण के चलते उन्हें आवागमन में दिक्कत हो रही है। यदि कोई बड़ा वाहन अंदर पहुंचता है तो जाम लग जाता है।अत्यंत व्यस्ततम क्षेत्र में शामिल अकबरपुर नगर का पुराना तहसील तिराहा व अकबरपुर अयोध्या मार्ग भी मौजूदा समय में अतिक्रमण का शिकार हो गया हैदरअसल पटरियों पर अस्थाई अतिक्रमण करने व आड़े तिरछे वाहनों के खड़ा कर देने से ही इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न होती है अकबरपुर अयोध्या मार्ग पर शीतला आश्रम के निकट फलों की दुकान फिर से लग जाने से लोगों को आवागमन में समस्या हो रही है।गांधी चौक भी पूरी तरह से अतिक्रमण का शिकार होकर रह गया है। चौराहे पर लगी गांधी प्रतिमा के चारों तरफ फलों के ठेले लगे होने से लोगों को आवागमन में समस्याएं हो रही हैं। बीते दिनों चले अभियान में अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए थे तो स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली थी। कुछ दिनों तक तो सबकुछ ठीक रहा लेकिन कुछ ही दिन बाद एक बार फिर से अस्थाई अतिक्रमण शुरू हो गया। फिर चलाया जाएगा नगर में अतिक्रमण को लेकर जल्द ही विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। अस्थाई व स्थाई दोनों तरह के अतिक्रमण हटाए जाएंगे।

# युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी पुलकित सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र स्थित आवास पर लगाई चौपाल



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। शहर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह के समाजसेवी पुत्र पुलकित सिंह क्षेत्रवासियों की मदद के लिये हमेशा सक्रिय हैं। आवास पर वे लोगों की समस्याएं तो सुन ही रहें हैं साथ ही क्षेत्र में निकलकर फरियादियो की समस्याएं सुनकर उसके निस्तारण का भरकस प्रयास भी करते नजर आ रहे है। इसी कड़ी में आज भी उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र स्थित आवास पर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्यायों को सम्बन्धित से वार्ता कर निस्तारित करते नजर आए। इसी कड़ी में कटका मण्डल उपाध्यक्ष सुदामा मिश्रा ने सहयोगियों के जरिये अवगत करवाया की शंकरगढ़ से जज्जौर तक बनने वाली् की सड़क का निर्माण जल्द से जल्द हो, अन्यथा बारिश आने पर समस्या बढ़ जाएगी। लिहाजा पुलकित ने तत्काल सम्बन्धित अधिकारी से वार्ता कर बारिश से पहले सड़क निर्माण का अनुरोध किया। यहां के बाद वे विकास भवन पहुंचे और अपने पिता सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह के प्रतिनिधि के रूप में माटी कला बोर्ड के कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम में माटी कला बोर्ड के सदस्य मंगरु प्रजापति ने पुलकित को बुके देकर सम्मानित किया। वही खादी ग्रामोद्योग अधिकारी ने साल देकर सम्मानित किया। इस दौरान पुलकित ने वहां मौजूद लोगों को चौत्र रामनवमी की बधाइयाँ दी। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुये जरूरतमंदों एवं पात्रों को लाभ लेने एवं दिलाने का अनुरोध किया। इसके साथ ही कुम्हार समाज के लोगों को माटी कला बोर्ड के बारे में बताकर ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की बात कही।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में विकासखंड कटेहरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़िया चितौना में ग्राम चौपाल का आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकर नगर। श्री गिरीश चन्द्र यादव मा0 राज्यमन्त्री( स्वतंत्र प्रभार) - युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग,उ0प्र0 सरकार, लखनऊ ध्प्रभारी मंत्री जनपद अम्बेडकर नगर की अध्यक्षता में विकासखंड कटेहरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़िया चितौना में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय मंत्री जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया ।चौपाल के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के बारे जानकारी लिया गया। उन्होंने ग्राम वासियों से विद्युत कनेक्शन, राशन ,वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन ,किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण,आयुष्मान कार्ड, इंडिया मार्का हैंड पंप तथा अन्य योजना के बारे में वार्ता किया गया ।कुछ ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर माननीय मंत्री जी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्तियों को अवश्य दिया जाए ।साथ ही साथ मंत्री जी द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई भी किया गया ।इस दौरान



जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा (साधु वर्मा),जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डा0 सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ श्रीकांत शर्मा, जिला विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी तथा ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री द्वारा विकासखंड कटेहरी के अंतर्गत अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकर नगर। श्री गिरीश चन्द्र यादव मा0 राज्यमन्त्री( स्वतंत्र प्रभार) - युवा कल्याण एवं खेलकूद विभाग,उ0प्र0 सरकार, लखनऊ ध्प्रभारी मंत्री जनपदद्अम्बेडकर नगर द्वारा विकासखंड कटेहरी के अंतर्गत अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल रानीपुर मोहन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय मंत्री जी द्वारा भूसा, हरा चारा ,पशु आहार, साफसफाई , पशुओं का टैगिंग तथा व्यवस्था का जायजा लिया गया ।मौके पर पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा तथा पशु आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 162 पशुओं को संरक्षित किया गया है जिसमें से



153 पशुओं का टैगिंग कराया जा चुका है। माननीय मंत्री जी द्वारा गो वंश को माला पहना कर गुड़ भी खिलाया गया ।निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा (साधु वर्मा),जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, अपर जिलाधिकारी डा0 सदानंद गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी विकास तथा ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

# पूरे जिले में रही श्रीराम नवमी की धूम

○ रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव धूम-धाम से मना



स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिलेभर में गुरुवार को रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय, सभी तहसीलों और विकासखंड कार्यालय परिसरों में श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ का समापन हवन और पूर्णाहुति उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर किया गया। वासंतिक नवरात्रि के महाअष्टमी और नवमी के शुभ अवसर पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भव्य और आकर्षक ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा दर्शनीय रहीं। कुल मिलाकर महाअष्टमी और श्रीराम नवमी दोनों दिवसों को भक्ति रस का प्रवाह देखा गया। संपूर्ण जनपद का वातावरण श्रीराम भक्तिमय दिखा। अकबरपुर विकासखंड कार्यालय परिसर में आयोजित श्री राम चरित मानस अखंड पाठ का समापन श्रीराम नवमी के दिन गुरुवार को हुआ। श्री राम चरित मानस अखंड पाठ के समापन उपरांत हवन और पूर्णाहुति डीडीओ वीरेंद्र सिंह ने विकास अधिकारियों, कर्मियों, प्रधान संघ पदाधिकारियों, प्रधानों के साथ किया। हवन-पूजन और पूर्णाहुति उपरांत प्रसाद वितरण हुआ। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने में जिला विकास अधिकारीध्बीडीओ अकबरपुर वीरेंद्र सिंह का कुशल नेतृत्व और दिशा-निर्देशन रहा। महाअष्टमी और महानवमी के शुभ दिन पर एडीओ हंस प्रकाश सिंह, एडीओ (पंचायत) प्रभात सिंह, एपीओ अमरजीत, जेबीडीओ वीरेंद्र राम, अकबरपुर प्रधान संघ अध्यक्ष मान सिंह, प्रधान संघ उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, ग्राम प्रधान घनश्याम यादव, प्रधान प्रतिनिधि विनय सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी गण शिवकुमार वर्मा, राम अनुज, चूड़ामणि और दिवाकर, ग्राम विकास अधिकारी गण बांकेलाल मौर्या, अतुल कुमार वर्मा, रत्नेश और प्रेमचंद वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर सत्यम, लेखा सहायक (मनरेगा) नवीन, सुनील कुमार श्रीवास्तव, अमर बहादुर, मनोज पाल आदि विकास कर्मी और ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# कोइरीपुर में श्रीराम जन्मोत्सव पर धूमधाम से निकाली गई शोभा यात्रा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

चांदा,सुलतानपुर। प्रत्येक वर्षो की भाति इस वर्ष भी नगर पंचायत कोइरीपुर में श्रीराम जन्मोत्सव शोभा यात्रा बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुई । श्री वृन्दावनेश्वर हनुमान मन्दिर को दोपहर बारह बजे श्री रामजन्मोत्सव का कार्यक्रम सपन्न हुआ । श्री राम के पूजा अर्चना के बाद से यह शोभा यात्रा प्रारम्भ हुई । मन्दिर पहुँचे जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ0आर0ए0 वर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सन्त बख्श सिंह चुन्नू व क्षेत्रीय महामन्त्री सुशील त्रिपाठी निवर्तमान चेयरमैन सुधीर साहू के साथ भगवान श्री राम की आरती उतारी व नारियल तोड़कर भव्य शोभा यात्रा का शुभारम्भ किया । जिसके उपरांत यह शोभा यात्रा वहा से निकल कर सब्जी मण्डी होते हुए चौक पहुची, जहा पर जिला प्रचारक आर यस यस अजय जी, भाजपा कादीपुर विधायक राजेश गौतम, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह, पंकज वर्मा, यल के दुबे, रीतेश रजवाड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी राजेश चन्द्र मिश्र व अन्य दर्जनों नेताओ ने भगवान श्री राम के रथ पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।सभी ने भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद ग्रहण किया । जिसके बाद शोभा यात्रा माँ जालपा मन्दिर होकर कस्बा भ्रमण करते हुए श्री रामजानकी मन्दिर, छोटा शिवाला से संकट मोचन हनुमान मन्दिर होते हुए पुन: हनुमान मन्दिर जवाहर नगर पहुचकर समाप्त हुई । शोभा यात्रा में घोड़े हाथी डी जे बाजे के साथ भव्यता रूप में कस्बे को भक्तिमय रस में सराबोर करती हुई दिखी । मन्दिर के मुख्य पुजारी पंडित राम टहल जी महराज शुक्ला, पुजारी पन्नालाल मौर्या शोभा यात्रा की व्यवस्था में जुटे हुए थे। वही युवा भाजपा नेता कुलदीप अग्रहरि गोलू ने जिले से आये सभी भाजपा नेताओ का अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया । शोभा यात्रा में राम शिरोमणि मौर्या, सुधीर साहू, राजेश चन्द्र मिश्र, सौरभ साहू, शशि बरनवाल, शेषमणि मिश्र, राजेश जायसवाल, जगन्नाथ अग्रहरि शुभम जायसवाल राहुल अग्रहरि पन्नलाल अग्रहरि, सभासद विवेक सिंह, संतोष अग्रहरि, सोनू बरनवाल, जितेंद्र जायसवाल, पप्पू पाण्डेय,रमेश दुबे, ओम प्रकाश शुक्ल, राजमणि सिंह सहित हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे । कस्बे में जगह-जगह भक्तो के लिए नास्ते व जलपान की व्यवस्था में कस्बे के लोगो द्वारा किया गया था। कही शरबत तो कही जलेबी व छोला खस्ता के साथ फलाहार की व्यवस्था भी



लोगो के द्वारा की गयी थी । वही शोभा यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी बिलकुल चुस्त-दुरुस्त दिखा । प्रभारी निरीक्षक कोतवाली चांदा श्री निवास पाण्डेय व चौकी प्रभारी कोइरीपुर अवधेश कुमार श्रीवास्तव के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस के जवान व गार्ड भी मौजूद रहे ।

# मंत्री राकेश सचान ने सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी महिलाओं को सिंगर सिलाई मशीन किया वितरित

संवाददाता, बस्ती। प्रदेश के मा. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोंद्योग मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त दिव्या शुक्ला, रीशा देवी, ईश्वर चन्द, सोनम कुमारी, अंकिता उपाध्याय, रेखा उपाध्याय, अनुपमा शुक्ला, कुमारी रूचत, नीरू, साधना शुक्ला, नीलम, शालिनी निषाद, पूजा गुप्ता, अंशिका, शारदा देवी, पुनीता देवी, रेखा, नंदिता, वंदना देवी, अंकिता पाण्डेय, नैन्सी गौड, सिरताजी, पल्लवी कुमारी, रीता एवं लक्ष्मी को सिंगर सिलाई मशीन वितरित किया। उन्होने लाभार्थियों को शुभकामना दिया तथा विश्वास व्यक्त किया कि इससे उनकी आर्थिक उन्नति हो सकेंगी ।इस अवसर पर सांसद हरीश द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी, सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र कुमार, विवेक चाधरी तथा लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

# गन्ना लदी ट्राली पर रोडवेज बस ने मारी टक्कर, ट्राली पलटी बस छतिग्रस्त यात्री घायल

संवाददाता, बस्ती। बस्ती से अयोध्या जाने वाले लेन पर छावनी बाजार में गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली व एक रोडवेज बस जिसका नंबर न्च्33 ।ज् 2824 से टक्कर हो गया जिससे ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर मौके पर ही पलट गई तथा रोडवेज बस भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गई जिस सूचना पर मैं थानाध्यक्ष मय फोर्स के मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्तियों को रोडवेज बस से निकलवा कर एंबुलेंस मंगवा कर ब्भ्ब् विक्रमजोत व ब्भ्ब् हर्रैया प्राथमिक उपचार हेतु भेजवाया गया तथा हाइड्रा मंगवा कर दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनो को हाईवे से किनारे सुरक्षित करा कर यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से चालू करवाया गया। दुर्घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं है।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, गोण्डा। गोण्डा-उतरौला मार्ग पर कोनिया बनकट गांव के समीप दो बाइक सवारों की आपस में टक्कर हो गई। रफ्तार तेज होने के चलते टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों बाइक सवार जख्मी हो गए थे। जिनको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। गुंगीदेई निवासी अजय सिंह पेट्रोल पम्प पर ड्यूटी करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। तभी गोंडा की तरफसे तेज रफ्तार आ रही मोटर साइकिल से टक्कर हो गई। जिसमें अजय गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल गोंडा के जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां अजय सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद शव जब घर पहुंचा तो गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दूसरे बाइक सवार घायल युवक का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ब्रह्मानन्द सिंह ने बताया की मृतक अजय सिंह के परिजनों की तरफसे मुकदमा पंजीकृत करने के लिए तहरीर दी गयी।

# विकास के लिए तरस रहा अगौना ग्राम पंचायत

## अगौना प्रसिद्ध लेखक आचार्य राम चन्द्र शुक्ल का है निवास स्थान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

कलवारी बस्ती। बस्ती जिले के विकासखण्ड बहादुर पुर के अर्न्तगत ग्राम पंचायत अगौना विकास के लिए तरस रहा है । आपको बता दें कि बहादुरपुर विकासखंड ग्राम पंचायत अगौना का विकास न हो पाना दुर्भाग्य पूर्ण है क्योंकि सांसद हरीश द्विवेदी जब पहली बार बस्ती से सांसद चुने गये थे तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने - अपने क्षेत्र में सांसदों से विकास करने के लिए ग्राम पंचायत गोद लेने के लिए निर्देश दिया था । प्रधानमंत्री के आदेशानुसार सांसद हरीश द्विवेदी ने बस्ती जिले में दो ग्राम पंचायतों को गोद लिया था पहला ग्राम पंचायत विकासखंड परसरामपुर में एवं दूसरा विकासखंड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत अगौना को गोद लिया था और प्रसिद्ध लेखक आचार्य राम चन्द्र शुक्ल का निवास स्थान है । भारतीय विख्यात लेखक आचार्य राम चन्द्र शुक्ल होने के बाद एवं हरीश द्विवेदी दो बार सांसद चुने जाने के बाद भी ग्राम पंचायत अगौना का विकास न होना पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है । आचार्य राम चन्द्र शुक्ल प्रसिद्ध भारतीय लेखक होने के कारण वर्ष भर आधिकारियों का आना जाना लगा रहता है और शुक्ल जी की प्रतिमा



पर माल्यार्पण किया जाता है । अगौना ग्राम पंचायत के विकास की स्थिति दयनीय हो गयी है । ग्राम पंचायत में गन्दगी का अंम्बार लगा है नाली टूटी पड़ी है नाली निर्माण न होने से पानी गांव का पानी नाली में भरा रहता है ग्राम पंचायत की सड़कें गड्ढे में तब्दील हो रही है । ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत में न तो नाली निर्माण का कार्य कराया गया है और न ही आर सी सी एवं इण्टरलांकिग का कार्य कराया गया है । ग्रामीणों में ग्राम पंचायत के विकास कार्यों को लेकर आक्रोश है । इस संम्बध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि हमारा उद्देश्य ग्राम पंचायत का विकास करना है लेकिन ब्लाक से लेकर जिले के अधिकारियों के मिलीभगत से ग्राम पंचायत का विकास नही हो पा रहा है ।

# नवरात्रि और रमजान में टेम्पों चालकों के मनमाने चालान पर भड़की कांग्रेस

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती । कांग्रेस आर.टी.आई. प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेन्द्र श्रीवास्तव ने बुधवार को आई.टी.आई. परिसर में जांच के नाम पर आर.टी.ओ. द्वारा खड़ी की गई गाडियों, टेम्पों चालकों के मालिकों और चालकों से वार्ता किया। कहा कि नवरात्रि और रमजान के पवित्र मौके पर आर.टी.ओ. विभाग द्वारा मनमाने जांच के नाम पर टेम्पों चालकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। वाहनों के खड़ा हो जाने से कई परिवारों में दो जून की रोटी का संकट पैदा हो गया है ।कांग्रेस नेता महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि भीषण बेरोजगारी के दौर में पढ़े लिखे उच्च शिक्षित युवाओं के पास भी चौराहे पर पकौड़ा तलने या टेम्पो चलाकर परिवार का भरण पोषण करने के रास्ते पर भी सरकार दमन का चाबुक चला रही है। टेम्पों चालकों में अधिकांश एम.ए., बी.ए. और उच्च शिक्षित हैं। वे किसी तरह से अपना परिवार चला रहे हैं इस पर भी सरकार की बुरी नजर है। कहा कि आर.टी.ओ. विभाग के ही कुछ कर्मचारियों ने दबी जुबान से बताया कि उन्हें भी यह अच्छा नहीं लगता किन्तु ऊपर से आदेश दिया जाता है कि प्रतिदिन इतनी संख्या में चालान करना ही हैं। आकड़ा पूरा करने के लिये भी उन्हें जांच और कार्रवाई करनी पड़ती है। कहा कि मनमाने चालान से मोटरसाईकिल चालक भी त्रस्त है। कब किसका चालान काट दिया जायेगा किसी को कुछ पता नहीं।

# प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व पर खत्री सभा ने वितरण किया प्रसाद

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अयोध्या। प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी पर्व पर खत्री सभा अयोध्या फैजाबाद में शहर के चौक घंटाघर पर एक कैंप लगाकर 11 कुंटल प्रसाद स्वरूप फल वितरण किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम नेत्रालय अयोध्या के डॉक्टर खत्री संजीव थापर ने प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके फल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि का स्वागत व अभिनंदन खत्री सभा के अध्यक्ष संजय महिंद्रा संरक्षक गिरीश मनचंदा संरक्षक राजीव साहनी संरक्षक आलोक मनचंदा व कार्यक्रम संयोजक सचिन सरीन ने माल्यार्पण व पटका पहना कर किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर खत्री संजीव थापर ने कहां की प्रभु श्रीराम केवल खत्री समाज के ही नहीं खत्री सभा अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कहा कि प्रभु श्री रानका सबसे बड़ा गुण है कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला खत्री सभा की अध्यक्ष श्रीमती बबीता साहनी ने व संचालन कार्यक्रम संयोजक सचिन सरीन ने किया फल वितरण कार्यक्रम की कमान पूर्ण रूप से महिला खत्री सभा ने संभाल रखी थी इस अवसर पर खत्री सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद अरोड़ा उपाध्यक्ष कविंद्र साहनी महामंत्री डीसी टंडन कोषाध्यक्ष अनुराग खन्ना सचिव सचिन सरीन निखिल टंडन संगठन सचिव रोहन सचिव सुप्रीत कपूर मेहरोत्रा मंत्री संजय सरीन महिला खत्री सभा की महामंत्री सुचिता भल्ला दीपा मनचंदा कामिनी टंडन निशी पुरी प्रभा महिंद्रा रागिनी सेठ श्वेता टंडन अंशु मेहरोत्रा किरण अरोड़ा आलोक मनूचा आशीष महिंद्रा आशीष सहगल संजय भल्ला विनोद खन्ना हरीश सचदेवा प्रदीप सरीन राजेंद्र प्रसाद महिंद्रा रामजी महिंद्रा राजेश खत्री स्टेट बैंक रतन कक्कड़ एडवोकेट जितेंद्र पुरी सौरभ सरीन हैप्पी हरीश धवन रामकृष्ण महिंद्रा अनिल धवन राधा महिंद्रा शहीद सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष खत्री समाज के कार्यक्रम में उपस्थित थे।

CMYK

## भाजपा प्रदेश टीम में कानपुर के 5 नाम – कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष बने प्रकाश पाल, संगठन में बढ़ा कानपुर का कद



संवाददाता

कानपुर। बुंदेलखंड क्षेत्र का क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल (बाएं) को बनाया गया। वहीं मानवेंद्र सिंह (दाएं) को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। यूपी में शनिवार देर रात भाजपा ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की। प्रदेश पदाधिकारियों की नई टीम में 18 प्रदेश उपाध्यक्ष, 7 महामंत्री और 16 प्रदेश मंत्री के साथ कुल 45 लोगों के नामों की घोषणा की गई है। संगठन में इस बार कानपुर को तवज्जो दी गई है। भाजपा की प्रदेश टीम में कानपुर के 5 नामों को शामिल किया गया है।

# अवैध गांजे के साथ पुलिस ने दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया

संवाददाता



कानपुर। थाना हरबंश मोहाल की पुलिस टीम द्वारा एक अभि0गण 1. प्रेमनारायण गुप्ता पुत्र स्व0 राजा राम हाल पता आराजी संख्या 1869 देवी नगर गल्ला मंडी समाधि पुलिया के पास बिधनू थाना बिधनू मूल निवासी ग्रा) भरखरी थाना बिवाड़ जनपद हमीरपुर उम्र करीब 50 वर्ष 2. दीपक कुमार उर्फ सोनू पुत्र श्री वंशलाल निषाद नि) हाल पता अगाजी नं0 985 कुम्हार वाली गली राजीव बिहार मछरिया थाना नौबस्ता कानपुर नगर मूल नि0 ग्राम जरा दप्सोरा थाना जाँदपुर जिला फतेहपुर उम्र करीब 36 वर्ष जिसे दौराने चौकिंग समय करीब 03.55 बजे रामादेवी टैम्पू स्टैण्ड घण्टाघर थाना हरवंश मोहाल कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण 1. प्रेमनारायण गुप्ता उपरोक्त के पास से 550 ग्राम 2. दीपक कुमार उर्फसोनू उपरोक्त के पास से 730 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0-31/23 व 32/23 धारा 8/20 एनडी0पी0एस एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम प्रेमनारायण गुप्ता पुत्र स्व0 राजा राम हाल पता आराजी संख्या 1869 देवी नगर गल्ला मंडी समाधि पुलिया के पास बिधनू थाना बिधनू मूल निवासी ग्रा) भरखरी थाना बिवाड़ जनपद हमीरपुर उम्र करीब 50 वर्ष 2. दीपक कुमार उर्फसोनू पुत्र श्री वंशलाल निषाद नि0 हाल पता अगाजी नं0 985 कुम्हाल वाली गली राजीव बिहार मछरिया थाना नौबस्ता कानपुर नगर मूल नि0 ग्राम जरा दप्सोरा थाना जाँदपुर जिला फतेहपुर उम्र करीब 36 वर्ष पकड़े गए दोनों अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

# गृहकर वसूली अभियान में हुई कार्यवाही

संवाददाता



प्रयागराज। गृहकर वसूली अभियान के तहत एवं वित्तीय वर्ष की अंतिम कड़ी में बुधवार को कुर्की कार्यवाई के दौरान जोन-4 अल्लापुर भवन संख्या-350/298, खलासी लाइन कीड़गंज भवन स्वामी राम अवध यादव के व्यवसायिक भवनों पर बकाया गृहकर की धनराशि रूपये 53,734.00 हेतु नियमानुसार गृहकर बिल व डिमांड नोटिस तथा कुर्की की सूचना भी भवन स्वामी को दी गई थी। परन्तु बकाया गृहकर न जमा करने के कारण बुधवार को व्यवसायिक भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। जोन-5 नैनी भवन संख्या 71ध्7 चकरधुनाथ में गृहकर की बकाया धनराशि रूपये 62,355.00 हेतु उक्त भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी तदोपरान्त भवन स्वामी द्वारा जमा करा दी गयी। कार्यवाही के दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी.के.द्विवेदी के नेतृत्व में गठित टीम एवं जोन-4 तथा 5 के कर अधीक्षक तथा वसूली टीम के साथ नगर निगम दस्ता बल भी उपस्थित रहें।

# अब गंगाजल से बजेगी ग्रामीणों की प्यास



संवाददाता

मथुरा । भूगर्भ जल स्तर नीचे जाने और खारे पानी की समस्या से जूझ रहे गांव के लोगों को अब मीठा पानी मिलने के आसार दिखाई देने लगे हैं यदि समय रहते योजना परवान चढ़ी तो जनपद का कोई भी गांव और कोई भी घर गंगाजल से अछूता नहीं रहेगा सरकार द्वारा सतही आधारित पेयजल योजना के तहत लगभग 19 सौ करोड़ रुपए कि अधिक लागत से योजना पर जल्दी काम शुरू हो जाएगा जल निगम के अधिशासी अभियंता पंकज कुमार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए गंगाजल की सप्लाई शुरू कराई जाएगी बुलंदशहर से पाइप लाइन द्वारा गंगाजल लाकर नौहझील में एसटीपी प्लांट और डब्ल्यूटीपी प्लांट से जनपद के सभी ग्रामीण क्षेत्रों की पाइप लाइन द्वारा गंगाजल उपलब्ध कराया जाएगा पंकज कुमार के अनुसार करीब 19 सौ करोड़ से अधिक की लागत की यह योजना करीब 2 वर्ष में पूर्ण हो जाएगी जिसमें जनपद के किसी भी गांव में पेयजल की समस्या नहीं रहेगी।

### शहर को नहीं मिल पा रही 25 एमएलडी गंगाजल की सप्लाई

संवाददाता, मथुरा । जनपद मुख्यालय पर पेयजल की किल्लत को देखते हुए गंगाजल की सप्लाई जिसमें 25 एमएलडी गंगाजल पाइपलाइन द्वारा सप्लाई की जा रही है लेकिन उसकी उपलब्धता भी सुनिश्चित नहीं है जिसमें शहर के लोगों में आक्रोश पनप रहा है दिन मंगलवार को आक्रोशित लोगों ने जल निगम कार्यालय पर हंगामा काटा लोगों का कहना था कि 2 दिन से गंगा जल सप्लाई पूर्णत: ठप है गर्मी का मौसम होने के कारण पेयजल की सप्लाई ठप होना और जल निगम के लंबे वादे कैसे लोगों का गला तर कर पाएंगे।

# नवरात्रि के अवसर पर भव्य झांकी भजन संध्या का आयोजन

संवाददाता



कानपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वैदेही विहार, जरौली फेस-2 मे माँ दुर्गा के पावन पर्व पर चौतन्य देवी झांकी व भजन संध्या के कार्यक्रम का भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी कानपुर दक्षिण की जिला अध्यक्ष वीना आर्या, बीजेपी कानपुर जिला मंत्री अनुराग शुक्ला व विधायक अभिजीत सांगा के प्रतिनिधि भी शामिल हुए । वीना आर्या ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया द्य अनुराग शुक्ला जी व विधायक अभिजीत सांगा जी के प्रतिनिधि जितेंद्र सविता, ओम जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि ( सीमा )ने भी दीप प्रज्वलन किया द्य समाज सेविका व गायिका सुजाता अरोड़ा व समाजसेवी गायक परमिंदर सिंह द्वारा गए गए भजन श्याम रे की बंसी पुकारे राघा-श्याम के को सुनकर शिव बाबा के भक्त मंत्र मुग्ध हो गये। कृष्ण के बचपन की नटखट अदाओ के भजन राधिका गोरी से ब्रज की छोरी से ब्याह करा दो मेरी माँ भी आकर्षण का केंद्र बिन्दु रहा ।ओम जन सेवा संस्थान की अध्यक्ष शिव देवी अग्रहरि , जितेंद्र सविता, निशा अग्रवाल, पारुल गुप्ता आदि को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम मे सिद्धि ने हाथ जोड़कर खड़ी हूँ तेरे द्वार भजन व श्रेया ने वो आए तेरे भवन भजन प्रस्तुत किया द्य कार्यक्रम में रौनक ने दुर्गा रूप, आस्था ने लक्ष्मी रूप व पलक ने सरस्वती रूप मे प्रस्तुत होकर सब का मन मोह लिया द्यविद्यालय कि सब जोन इंचार्ज परम आदरणीया राजयोगिनी दुलारी दादी जी ने अपने सम्बोधन मे कहा कि हम सभी परम पूज्य पिता की संतान है हम विकारो मे फंस गये है । उसे मुक्त करने के लिये ब्रह्माकुमारी आश्रम मे सेवा का कार्य हो रहा है। जरौली सेवा केन्द्र से बी लक्ष्मी बहन ने कहा कि इस चौतन्य झांकी से हम यह संदेश देना चाहते है कि नारी शक्ति ऐसे ही अपने आप को स्वावलम्बी बनाये । काली का रूप रखकर दुष्ट आत्मा का नाश करके हम अपने जीवन को शुद्ध और पवित्र बनाते है। जो हम खाते है बुराईयो से कैसे हम दूर हो । बी के शशि बहन ने बताया कि मेडिटेशन के बिना हम कुछ नही कर पायेगे, हम सुन तो लेंगे लेकिन कुछ पा नही पाएंगे द्य बी के निधि बहन ने बताया कि सात दिवसीय शिविर का कोर्स करके हम नई पीढ़ी को ज्ञान देने का भी कार्य करते है। बी के आरती बहन ने अन्त मे शिव बाबा के सभी भक्तो को टोली दी । बी के विष्णु भाई ने ब्रह्माकुमारी चौतन्य देवियों कि महिमा के बारे मे वर्णन करते हुए कहा कि जिन्होने तन मन धन जीवन एवं परिवार सब सिर्फ इसलिए समर्पित किया कि घर एक मंदिर व समाज खुशहाल बन सके द्य कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या मे शिव बाबा के भक्तों की भीड़ उपस्थित रही।

# रोवर्स रेंजर्स समाज सेवा में तत्पर : प्रो. अखिलेश




संवाददाता, प्रयागराज। कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित होने वाले 30 वां प्रादेशिक रोवर्स ध्रेंजर्स के समागम का शुभारंभ हुआ ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज ने अपने उदबोधन में रोवर्सध् रेंजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम में प्रशिक्षण लेकर रोवर रेंजर अपने जीवन कौशल से समाज सेवा में तत्पर रहेंगे एवं सामाजिक उत्थान और विकास के लिए परस्पर सहयोग की भावना से कार्य करेंगे । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर ब्रह्मदेव निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश ने अपने संबोधन में कहा कि रोवर्सध् रेंजर्स का योगदान सामाजिक विकास में अतुलनीय है। महाविद्यालय के संरक्षक चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह अध्यक्ष कायस्थ पाठशाला ने कायस्थ पाठशाला द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए के शैक्षिक, स्वास्थ्य संबंधी एवं सामाजिक विकास में किए जा रहे योगदान का उल्लेख किया । महाविद्यालय की प्राचार्या एवं कार्यक्रम की संयोजिका प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य ने अपने द्वारा प्रदेश भर से आए हुए रोवर्स ध्रेंजर्स का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कार्यक्रम के यह 3 दिन जीवन कौशल के विभिन्न आयामों का प्रदर्शन करते हुए, आपको सामाजिक विकास के योद्धा के रूप में विकसित करेंगे जिससे निश्चित ही हमारा समाज लाभान्वित होगा।

# मिले नये हाथ - ग्लोबल अस्पताल में हुई दोनो हाथों की प्रत्यारोपन सर्जरी सफल

### द्विपक्षीय टोटल आर्म ट्रांसप्लांट से गुजरने वाला एशिया का पहला व्यक्ति

संवाददाता

कानपुर। एक बिजली दुर्घटना में अपने दोनों हाथ खो दिए राजस्थान के एक 33 वर्षीय मरीज पर मुंबई स्थित ग्लोबल अस्पताल में द्विपक्षीय दोनो हात प्रत्योरापन कराई गऐ हैं। इस सर्जरी के बाद मरीज को दोनों हाथ मिल गए हैं। यह सर्जरी करानेवाला वह एशिया का पहला व्यक्ति बना हैं। ग्लोबल अस्पताल के प्लास्टिक हैंड एंड रिकंस्ट्रक्टिव माइक्रोसर्जरी एंड ट्रांसप्लांट सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. निलेश जी सतभाई के नेतृत्व में अन्य एक डॉक्टर की टीमनं यह सर्जरी की हैं। सर्जरी 16 घंटे तक चली। सर्जरी के बाद मरीज को 12 साल बाद दुबारा हाथ मिले हैं। अजमेर के निवासी प्रेमा राम को खेत में काम करते समय बिजली का झटका लगा था। उसके हाथ बिजली से जल गए थे। उन्हें अजमेर के एक नजदीकी अस्पताल में दाखिल किया गया। डॉक्टरों ने उनकी जान बचाने के लिए उनके दोनों हाथ काटने की सलाह दी। मरीज के हाथ लगभग कंधे के स्तर तक कट गए थे। जिस कारण वह विकलांगो की तरह हो गए थे। हाथ प्रत्यारोपण के लिए मरीज के परिवारवालों ने काफी प्रयास किए। लेकिन कृत्रिम हाथ उपलब्ध न होने के कारण मरीज 12 साल तक विकलांगो की तरह जीवन जी रहा था। दैनिक गतिविधियों के लिए भी उन्हें परिवार के सदस्यों पर निर्भर रहना पडता था। कंधे के स्तर पर हाथ का प्रत्यारोपण करना भारत में लगभग असंभव माना जाता था। प्रेमा राम के पिता ने भी युरोप में हाथ प्रत्यारोपण सर्जरी के बारे में पूछताछ की, लेकिन यह बहुत महंगा था और उनकी क्षमता से बाहर था। ऐसी स्थिती में भी मरीज ने उम्मीद नहीं खोई। उन्होंने अपनी पढाई जारी रखी और किसी दिन हाथ मिलाने की उम्मीद कर रहे थे। मुंबई के ग्लोबल अस्पताल में हाथ प्रत्यारोपण के बारे में उन्हे पता चला और उन्होंने अक्टूबर 2022 में प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए पंजीकरण कराया।

# अधिवक्ता सहित 11 महीने बाद 8 लोगों पर न्यायालय द्वारा हुआ लूट व मारपीट का मुकदमा दर्ज

### शादी विवाह में डीजे बजाने की जिद कर लड़की पक्ष के लोगों के साथ मारपीट कर की थी लूट

❑ पत्रकार सहित 13 लोगों पर अधिवक्ता द्वारा कराया गया था झूठा मुकदमा दर्ज'

संवाददाता

हापुड़। हापुड़ न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हापुड प्रार्थना पत्र स0-552/2022 भगवत प्रसाद पुत्र हरी सिंह निवासी मौहल्ला हरजसपुरा थाना हापुड़ देहात ने अशोक कुमार,अमित कुमार, अरविन्द कुमार,अनिल कुमार अजय कुमार पुत्रगण ओमपाल व मनोज पुत्र त्रिलोकी,हिमाशु पुत्र सोमपाल तथा शिवा पुत्र मांगेराम निवासीगण मौ0 आर्यनगर पिलखुवा थाना पिलखुवा जिला हापुड़ के विरुद्ध आई पीसी धारा-323,324,325,326, 395, 504, 506थाना- हापुड़ देहात प्रार्थना पत्र की धारा 156 (3) सी0आर0पी0सी0 थाना हापुड़ देहात में मुकदमा दर्ज हुआ है आपको बता दें कि प्रार्थी भगवत प्रसाद पुत्र हरी सिंह निवासी मौहल्ला हरजसपुरा हापुड थाना देहात की 24 अप्रैल 2022 को रात्रि में लड़की की शादी लायस भवन,नवज्योति कालोनी थाना हापुड़ देहात में हुई थी शादी में दुल्हे के चाचा के लडको अशोक कुमार, अमित कुमार,अरविन्द कुमार,अनिल कुमार,अजय कुमार पुत्रगण ओमपाल एवं मनोज पुत्र त्रिलोकी,हिमाशु पुत्र सोमपाल,शिवा पुत्र मांगेराम निवासी गण मौ0 आर्य नगर पिलखुवा जिला हापुड़ ने समय करीब 11.30 बजे से 12. 30 बीच रात्रि में डी0जे0 बजाने की जिद की और प्रार्थी पक्ष के लोगो ने व रिश्तेदारो ने उक्त वर पक्ष के लोगों को कानून का हवाला देते हुए काफी समझाने का प्रयास किया कि डी0जे0 बजाने का समय समाप्त हो गया है परन्तु डी0जे0 बजाने की लिए जिद कर अशोक आदि ने काफी हुड़दंग मचाया और इस बात पर प्रार्थी व प्रार्थी के पक्ष के लोगो ने उक्त सभी अभियुक्तगणों को समझाने का कई बार प्रयास भी किया परन्तु उक्त अभियुक्तगण अशोक आदि नही माने और अशोक कुमार ने खुद बहुत बड़ा वकील बताते हुए शासन-प्रशासन में अपनी बहुत बड़ी पहुँच बताते हुए डीजे बजाने की जिद करते हुए प्रार्थी व उसके पक्ष व रिश्तेदारों के साथ गन्दी गन्दी गाली दी और अशोक व उक्त वर पक्ष के लोगो ने प्रार्थी व उसके भाईयो,रिश्तेदारो व अन्य के साथ एक राय होकर निजी वाहनों में लेकर आए लाठी,डडे व बेल्टो व लोहे की कुर्सियों से मारपीट की प्रार्थी के परिवार के सदस्यो देवेन्द्र पुत्र हरलाल, सुनील पुत्र रिषीपाल, रजनी पत्नी ललित, ब्रजमोहन उर्फ बंटी, रोहित पुत्र तेजपाल व राजो पत्नी हरकेश जो सभी प्रार्थी के परिवार रिश्तेदार थे,उनके काफी गम्भीर चोटे आयी है व हाथो मे फैक्चर तथा सभी के गुम चोटें भी आई है और राजो ज्यादा चोटेल हो गयी व रोहित का इलाज अब भी मेरठ के अस्पताल में चल रहा है तथा रजनी के कानो के सोने के वाली दुल्हे पक्ष के हमलावर व्यक्ति अशोक आदि ने छीन ली है ।

## बाबा साहब डॉव अंबेडकर के 132 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष में 2 अप्रैल को होगी सामान्य ज्ञान व चित्रकला प्रतियोगिता

संवाददाता, हापुड़। जनपद हापुड़ के समस्त बहुजन समाज के लोगों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारत संविधान निर्माता भारत रतन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 132 वे जन्मोत्सव के उपलक्ष में सामान्य ज्ञान व चित्रकला प्रतियोगिता रविवार 2 अप्रैल 2023 को प्रतियोगिता कराने का निर्णय लिया है जिसमे जनपद हापुड़ , मेरठ और बुलंदशहर के लगभग 600 प्रतियोगी भाग लेगे। प्रतियोगिता कमेटी के मेंबर्स ने बताया कि इस प्रतियोगिता से प्रतियोगी भारत के माहपुरषों को और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों जानेंगे देश की सेवा में अपना योगदान देने का संकल्प लेगे और 8 अप्रैल 2023 को रामलीला मैदान, हापुड़ पुरस्कार वितरण होगा जिसमे प्रथम , द्वितीय , तृतीय और सांत्वना पुरस्कारके साथ समाज के वरिष्ट समाज सेवियों को सम्मानित किया जाएगा जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी होगा।

## मुकदमा पंजीकृत कराने को लेकर प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ में 25 मार्च 2023 की घटना है जब प्रार्थी के साथ समय करीब 1. 30 बजे दोपहर रास्ते में प्रीत विहार में जोन्टी पुत्र अरविन्द, मनु पुत्र अरुण और भूषण चौधरी का भांजा नाम नामालूम निवासीगण ग्राम दस्तोई थाना हापुड़ नगर ने अपने साथ 10-12 लड़कों के साथ प्रार्थी को रोक लिया और कहने लगे कि ये भी था, ये भी था बाईक पर लिखे जाटव को देखकर चूढा चमार और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुये गाली गलौच कर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों ,सरियों व लात घूँसों से बुरी तरह मारपीट किया, जिससे प्रार्थी को कमर,चेहरे पर जाहिरा चोटें आयी थी तथा आँख के ऊपर चार टॉके आये थे आते जाते लोगों के शोर मचाने पर उपरोक्त सभी मुलजिमान प्रार्थी को कोई भी कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देकर घटना स्थल से फरार हो गये थे प्रार्थी ने घटना की तहरीर थाना हापुड नगर मे दे दी थी। प्रार्थी की हालत देखकर पुलिस ने प्रार्थी का मैडिकल कराया। घटना की जानकारी होने पर जोंटी मनु और भूषण चौधरी के भॉजे के घर वाले ने प्रार्थी और प्रार्थी के परिवार को डराकर कच्चे फैसलानामें पर हस्ताक्षर करा लिये थे। लेकिन कल सुबह जोन्टी, मनु और भूषण चौधरी का भांजे ने अपने इंस्टाग्राम एकाउन्ट पर विडियो डाली है। जिसमें प्रार्थी को चोट लगे फोटो शेयर किये गये है और प्रार्थी को 307,151 एससीध्एसटी एक्ट ना लगाने का मजाक उड़ाया गया उक्त घटना से प्रार्थी बहुत परेशान है। प्रार्थी प्रिंस ने पुलिस अधीक्षक के नाम प्रार्थना पत्र देकर तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना हापुड़ नगर पर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। पीड़ित प्रिंस ने बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष के पी सिंह को अवगत कराया उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए ट्वीट किया और हापुड़ पुलिस ने उस ट्वीट का संज्ञान लेते हुए कोतवाली नगर हापुड़ को मुकदमा पंजीकृत करने के लिए निर्देशित किया विधानसभा अध्यक्ष के पी सिंह ने बताया बहुजन समाज पार्टी पीड़ितों के साथ हमेशा खड़ी रही है और खड़ी रहेगी।

## बंदर के छलांग से टूटी ओएचई लाइन

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग के निकट ओएचई लाइन टूट गई। जिसे देख पॉइंट मैन ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी, जिसके बाद ओएचई लाइन का करंट बंद किया गया। घटना दोपहर लगभग 12. 30 बजे की है। कुछ राहगीरों के मुताबिक एक बंदर ने ओ एच ई लाइन के पिलर पर छलांग मारी थी जिससे लाइन टूट गई। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे रेलवे के टीआरडी कर्मियों ने ओएचई लाइन को दुरुस्त किया। जिसके बाद करीब 2.30 बजे डाउन ट्रैक क्लियर हो सका। आरपीएफके दारोगा गुप्तार सिंह ने बताया की ओएचई लाइन टूट ने का कारण नहीं पता चला है। टीआरडी विभाग ने ओएचई लाइन को दुरुस्त कर दिया है। उन्होंने बताया की किसी प्रकार से कोई हताहत नहीं है।

## अतीक का अधिवक्ता हुआ हादसे का शिकार

संवाददाता, प्रयागराज। एम्पी/एम्एमएल कोर्ट के फैलसे के माफिया अतीक को पुन: साबरमती जेल ले जाया जा रहा है। अतीक अहमद के काफिले के साथ चल रहे अधिवक्ता विजय मिश्रा की कार बुधवार को चित्तौढ़गढ़ में हादसे की शिकार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वकील विजय मिश्रा को मामूली चोटें आई हैं। मिश्रा की कार अतीक के काफिले के साथ चल रही थी। मंगलवार को प्रयागराज कोर्ट ने जब अतीक के खिलाफसजा का ऐलान किया था तो विजय ने कहा था कि हम इसके खिलाफहाई कोर्ट में अपील करेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि एमपी एमएलए कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं।

## रोजगार मेले में 76 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

संवाददाता, प्रयागराज। क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय प्रयागराज द्वारा बुधवार को चौधरी चरण सिंह इण्टर कालेज बैजनाथगंज सियाडीह हण्डिया प्रयागराज परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनी पीपल ट्री आनलाइन द्वारा, डस्की स्टैलियन कन्सलटेंसी सर्विस प्रा.लि.द्वारा, न्यू एक्रा आर.ओ.सिस्टम द्वारा, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एण्ड आयुर्वेदिक प्रा.लि. द्वारा, महिन्द्रा ऑटो मैनपावर सप्लाई सर्विसेज द्वारा, रेडेक्स इण्टरप्राइजेज प्रा.लि.द्वारा एवं रोहित हाईब्रीड सीड प्रा.लि. द्वारा चयन किया गया। उक्त मेले में कुल 76 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में बड़ी संख्या में बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उपरोक्त रोजगार मेले में आये हुए अभ्यर्थियों की प्रीप्लेसमेंट काउंसिलिंग का भी आयोजन किया। उपरोक्त रोजगार मेले का मुख्य अतिथि ज्ञानेन्द्र सिंह भाजपा मण्डल अध्यक्ष हण्डिया द्वारा उद्घाटन किया गया। इस रोजगार मेले में सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज के समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों ने सहायोग किया। यह जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन ने दी है।

## आजाद पार्क में वेट वेस्ट कम्पोस्टिंग प्लान्ट शुरु


संवाददाता, प्रयागराज। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन कार्य के द्वारा गीले कचरे को वैज्ञानिक विधि निस्तारण हेतु नगर निगम ने 5 बल्क वेस्ट जनरेटर का चयन किया गया है। जहाँ ऑन साइट वेट वेस्ट कम्पोस्टिंग मशीन की स्थापना एवं संचालन का कार्य कराया जायेगा। उक्त स्थलों पर प्रतिदिन लगभग 100 कि.ग्रा. से अधिक गीला कचरा जनित होता है। बुधवार को अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में वेट वेस्ट कम्पोस्टिंग प्लान्ट का उद्घाटन चन्द्र मोहन गर्ग नगर आयुक्त, नगर निगम द्वारा किया गया है। पार्क से प्रतिदिन जनित होने वाले गीले कचरे के स्त्रोत पर ही प्रोसेसिंग का कार्य किया जायेगा। प्रोसेसिंग के उपरान्त तैयार खाद का उपयोग कृषि कार्य अथवा बागवानी में किया जायेगा। नगर निगम प्रयागराज द्वारा उक्त कार्य कराये जाने से जहाँ स्त्रोत पर ही कचरे के निस्तारण को करने में सहायता प्राप्त होगी वहीं नगर की स्वच्छता रैंकिंग भी अच्छी होगी।

## संचारी रोग नियंत्रण को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर साफ- सफाई करने के दिए निर्देश

संवाददाता, जनपद हापुड़ जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण की द्वितीय जनपद स्तरीय अंतर विभागीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला अधिकारी द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण ध् दस्तक अभियान के द्वितीय डीडीएफ बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में संचारी अभियान को सफल बनाने हेतु समुचित व्यवस्था की जाए प्रशिक्षण पूर्ण कर लिए जाएं और हॉटस्पॉट को चिन्हित करके समस्त निरोधात्मक कार्यवाही संपन्न कराई जाए स उन्होंने बताया कि दस्तक अभियान 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाना है, जिसमें स्वास्थ्य नगर विकास पंचायती राज, पशुपालन, बाल विकास, शिक्षा चिकित्सा, दिव्यांग, जन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई सूचना विभाग, उद्यान विभाग रोग नियंत्रण हेतु संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।

CMYK

## दो-तिहाई कंपनियों के पास जोखिम-प्रबंधन व्यवस्था का अभाव




एजेंसी, निजी क्षेत्र की करीब 67 प्रतिशत कंपनियों के पास कोई समुचित जोखिम प्रबंधन व्यवस्था नहीं है और 52 प्रतिशत से अधिक कंपनियां अब भी औपचारिक जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया से लैस नहीं हैं।

एक अध्ययन रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। जोखिम सलाहकार फर्म एमजीसी ग्लोबल ने अपनी रिपोर्ट में निजी कंपनियों के पास समुचित जोखिम प्रबंधन व्यवस्था नहीं होने की बात कही है। इस सर्वेक्षण में शामिल 50 प्रतिशत से अधिक कंपनियों का राजस्व आधार 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। एमजीसी ग्लोबल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह सर्वेक्षण भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधन एवं निदेशक स्तर के 60,000 पेशेवरों के बीच कराया गया था। इससे पता चला कि करीब 67 प्रतिशत निजी स्वामित्व वाली कंपनियों और 38 प्रतिशत सूचीबद्ध कंपनियों के पास जोखिम प्रबंधन की समुचित व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा कंपनियों के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक न होने से अपने करीबियों को फायदा पहुंचाने का जोखिम भी बना रहता है। सर्वेक्षण से पता चलता है कि निजी कंपनियों के करीब 45 प्रतिशत प्रतिभागियों के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशकों का अनुपात एक-तिहाई से भी कम है। इससे अपने खास लोगों को फायदा पहुंचाने और निर्णय-निर्माण में वस्तुनिष्ठता पर असर पड़ने की आशंका बनी रहती है।

# चीन ने रमजान में मुसलमानों को रोजा रखने से रोका, कर रहा कड़ी निगरानी



एजेंसी, वाशिंगटन। चीन में रमजान के पवित्र महीने में मुसलमानों को रोजा प्रतिबंध और निगरानी का सामना करना पड़ रहा है। आरएफए रिपोर्ट के अनुसार, विश्व उइगर कांग्रेस के प्रवक्ता दिलशात ऋषित ने कहा कि रमजान के दौरान, अधिकारियों ने शिनजियांग के 1,811 गांवों में 24 घंटे निगरानी प्रणाली लागू की है, जिसमें उइगर परिवारों के घर का निरीक्षण भी शामिल है। यहां पर मुसलमानों की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएं तेजी से हमले का शिकार हो रही हैं। आरएफए रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों और अधिकार समूहों ने कहा कि शिनजियांग के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में उइगरों को आदेश दिया जा रहा है कि वे अपने बच्चों को उपवास (रोजा) न करने दें, बाद में अधिकारियों की ओर से पूछताछ की गई कि क्या उनके माता-पिता रोजा रख रहे हैं। अधिकार समूहों ने एक नई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि चीन के 1.14 करोड़ हूई मुस्लिम जातीय चीनी समुदायों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़े हुए हैं, जिन्होंने सदियों से अपने मुस्लिम विश्वास को बनाए रखा है, उन्हें कम्युनिस्ट पार्टी के कठोर धार्मिक नियमों के तहत पूरी तरह से मिटा दिए जाने का खतरा है। आरएफए रिपोर्ट के अनुसार, नेटवर्क ऑफ चाइनीज ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स समेत अधिकार समूहों के गठबंधन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बीजिंग की ओर से उन्हें जबरन आत्मसात करने के माध्यम से हल किए जाने वाले खतरेश् के रूप में पहचाना गया है। आरएफए रिपोर्ट के अनुसार, यह राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ओर से धार्मिक पूजा पर नए सिरे से हमले शुरू करने से पहले मिली सापेक्ष स्वतंत्रता के बिल्कुल विपरीत है, जिससे ईसाइयों, मुस्लिमों और बौद्धों को समान रूप से अपने पापीकरण के तहत पार्टी नियंत्रण और अपने धार्मिक जीवन की सेंसरशिप के अधीन होने के लिए मजबूर होना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार चीन ने अपने जातीय एकता अभियान के साथ मुस्लिम समुदायों को भी निशाना बनाया है, जिसके तहत अधिकारी जातीय अल्पसंख्यक उइगर परिवारों के सदस्यों को शराब पीने और सूअर का मांस खाने सहित गैर-मुस्लिम परंपराओं का पालन करने का दबाव डालते हैं। आरएफए रिपोर्ट के अनुसार, झिंजियांग में कम से कम 18 लाख उइगरों और अन्य जातीय अल्पसंख्यक मुसलमानों को पुन: शिक्षा शिविरों में बड़े पैमाने पर कैद किए जाने, और जबरन श्रम में उनकी भागीदारी के साथ-साथ शिविरों में बलात्कार, यौन शोषण और उइगर महिलाओं की जबरन नसबंदी के बीच एकता नीतियां लागू की गई हैं।

## कपड़ा क्षेत्र की 18 वस्तुओं के निर्यात पर मिलेगा आरओडीटीईपी का लाभ

एजेंसी, नयी दिल्ली। सरकार ने साड़ी और लुंगी समेत कपड़ा क्षेत्र की 18 वस्तुओं का व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से इनको भी निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) के अंतर्गत लाभ देने का निर्णय लिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफ्टी) की एक अधिसूचना में कहा गया है कि शुल्क वापसी योजना-आरओडीटीईपी के अंतर्गत लाभ 23 मार्च से होने वाले निर्यात पर दिया जाएगा। आरओडीटीईपी के अंतर्गत, उत्पादन में काम आने वाले उत्पादों समेत अन्य पर लगाए गए केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न शुल्क, कर और उपकर निर्यातकों को वापस कर दिए जाएंगे।

## रेलवे ने कोच नहीं, वंदे भारत की सीट, अंदरूनी पैनल का ऑर्डर दिया है : टाटा स्टील

एजेंसी, नयी दिल्ली। 'वंदे भारत ट्रेन के लिए टाटा स्टील दिए गए ऑर्डर के संबंध में कंपनी ने स्पष्ट किया है कि रेलवे ने वंदे भारत ट्रेन की सीटों और अंदरूनी पैनलों का ऑर्डर दिया है। यह उसके कोच या डिब्बों के विनिर्माण का ऑर्डर नहीं है। टाटा स्टील के प्रौद्योगिकी और नई सामग्री कारोबार विभाग के उपाध्यक्ष देवाशीष भट्टाचार्य ने कहा, टाटा स्टील 225 करोड़ रुपए के ऑर्डर के तहत वंदे भारत रेल के 23 डिब्बों के लिए हल्की सीटें और 16 डिब्बों के लिए फाइबर से लैस पॉलिमर कम्पोजिट-आधारित अंदरूनी पैनल की आपूर्ति करेगी। कुछ मीडिया संस्थानों ने खबर चलाई थी कि टाटा स्टील को वंदे भारत रेल के डिब्बे बनाने का ऑर्डर मिला है, जो कि 'गलत और निराधार है। हमें डिब्बों के विनिर्माण का ऑर्डर नहीं मिला है।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में लगे भूकंप के झटके

एजेंसी, पेशावर। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में झाल मगसी जिले में हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इस दौरान लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। मौसम विभाग के मुताबिक, भूकंप का केंद्र झाल मगसी से 20 किमी दक्षिण-पश्चिम में था। भूकंप आने के बाद हताहत या क्षति की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है, लेकिन हल्के झटकों के कारण लोग डर गए और अपने घरों से बाहर निकल आए। यह भूकंप पंजाब और राष्ट्रीय राजधानी इस्लामाबाद सहित खैबर पख्तूनख्वा के विभिन्न क्षेत्रों में आए शक्तिशाली भूकंप के कुछ दिनों बाद आया है। इस भूकंप में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और 160 से अधिक अन्य घायल हो गए थे।

# रिलायंस कैपिटल की नई नीलामी को लेकर बोलीदाता अनिच्छुक




एजेंसी, कर्ज में फंसी कंपनी रिलायंस कैपिटल के कर्जदाताओं की नीलामी का दूसरा दौर आयोजित करने की योजना खटाई में पड़ गई है क्योंकि बोलीदाता नई नीलामी में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। उच्चतम न्यायालय ने गत 20 मार्च को पहले दौर की नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाने वाली टॉरेंट इंवेस्टमेंट्स की वह अपील मंजूर कर ली थी जिसमें नीलामी का एक और दौर आयोजित करने के कर्जदाताओं के फैसले को चुनौती दी गई थी। हालांकि न्यायालय ने नए सिरे से नीलामी करने पर रोक लगाने से मना कर दिया था। न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए मामले को अगस्त में सूचीबद्ध किया है। गत दिसंबर में संपन्न पहले दौर की नीलामी में टॉरेंट ने सर्वाधिक 8,640 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। हिंदुजा समूह की कंपनी आईआईएचएल ने पहले 8,110 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी जिसे बाद में उसने संशोधित कर 9,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि सूत्रों का कहना है कि दोनों ही बोलीदाता दूसरे दौर की नीलामी में शामिल होने के इच्छुक नहीं हैं। टॉरेंट ने इस बारे में कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) को सूचित कर दिया है। वहीं इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) ने भी 9,000 करोड़ रुपये की अपनी संशोधित बोली वापस लेने की मंशा जताई है। ऐसी स्थिति में 9,500 करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ दूसरी नीलामी करने की सीओसी की योजना खटाई में पड़ती दिख रही है। इस बीच कॉस्मी फाइनेंशियल और पीरामल के गठजोड़ ने रिलायंस कैपिटल के प्रशासक को पत्र लिखकर नवंबर में जमा की गई 75-75 करोड़ रुपये की बयाना राशि वापस करने की मांग की है। दोनों कंपनियों ने कहा है कि अब वह कर्ज समाधान प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेना चाहती हैं। सूत्रों का कहना है कि गतिरोध दूर करने के लिए कोई सहमति नहीं बनने पररिलायंस कैपिटल परिसमापन की तरफबढ़ती हुई नजर आ रही है। अनुमान है कि परिसमापन होने पर कंपनी के कर्जदाताओं को 13,000 करोड़ रुपये मिल सकते हैं।

## वी हब का महिलाओं के स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए ऑस्ट्रेलियाई कम्पनी से करार

एजेंसी, महिला उद्यमियों के स्टार्टअप को अनुकूल माहौल देने के लिए गठित इनक्यूबेटर वी हब ने ऑस्ट्रेलिया की डिजिटल विपणन एजेंसी साइबर वेस्ट साइन के साथ रविवार को एक समझौता किया। वी हब ने एक विज्ञप्ति में कहा, इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य दोनों कंपनियों के विशेषज्ञों का उनके क्षेत्र में सदुपयोग करके ऑस्ट्रेलियाई स्टार्टअप को तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार में प्रवेश करने व भारतीय स्टार्टअप को ऑस्ट्रेलियाई बाजार में प्रवेश करने में मदद करना है। इस समझौते के तहत वी हब और साइबर वेस्ट साइन स्टार्टअप को बाजार की स्थिति, उद्योग के नेटवर्क और संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित कराएंगे ताकि वे नए बाजार में आने वाली चुनौतियों का अनुमान लगा सकें।

# पाकिस्तान में शख्स को ईशनिंदा का मैसेज भेजना पड़ा भारी, मिली मौत की सजा




एजेंसी, पेशावर। पाकिस्तान में एक मुस्लिम व्यक्ति को ईशनिंदा का मैसेज पोस्ट करना भारी पड़ गया। आतंकवाद-रोधी अदालत ने उसे दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार ईशनिंदा मुस्लिम बहुल पाकिस्तान में एक बेहद संवेदनशील मुद्दा है, जहां कई बार अप्रमाणित आरोप ने भी भीड़ और हिंसा को भड़काने का काम किया है। सैयद मुहम्मद जीशान नाम के शख्स को पेशावर की अदालत ने इलेक्ट्रॉनिक अपराध निवारण अधिनियम और आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत दोषी ठहराया है। अदालत के आदेश में कहा कि हिरासत में सैयद जकाउल्लाह के बेटे सैयद मुहम्मद जीशान को दोषी पाए जाने के बाद सजा सुनाई गई है। उत्तर-पश्चिम शहर मर्दन के निवासी जीशान पर अदालत ने 3 लाख 54 हजार रुपएसे ज्यादा का जुर्माना लगाया है और कुल 23 साल की कैद की सजा सुनाई है। सईद के वकील इबरार हुसैन ने बताया कि पंजाब प्रांत के तालागंग निवासी मुहम्मद सईद ने दो साल पहले संघीय जांच एजेंसी के पास एक आवेदन दायर किया था, जिसमें जीशान पर एक व्हाट्सएप ग्रुप में ईशनिंदा सामग्री पोस्ट करने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने कहा कि एफ्आईए ने जीशान के सेल फोन को जब्त कर लिया था और इसकी फोरेंसिक जांच ने उन्हें दोषी साबित कर दिया।पाकिस्तान में एक मानवाधिकार और कानूनी सहायता समूह राष्ट्रीय न्याय और शांति आयोग के अनुसार, पिछले 20 वर्षों में 774 मुसलमानों और विभिन्न अल्पसंख्यक धार्मिक समूहों के 760 सदस्यों पर ईशनिंदा का आरोप लगाया गया। अधिकतर मामलों में इस कानून का दुरूपयोग रंजिश को साधने के लिए किया जाता रहा है।

इस कानून के शिकार हालांकि कई मुसलमान भी होते हैं लेकिन अकसर हिंदू और ईसाई धार्मिक अल्पसंख्यकों को इससे अधिक उत्पीड़न का शिकार होना पड़ता है। कई बार व्यक्तिगत झगड़े निपटाने के लिए ईशनिंदा के आरोप लगाए जाते हैं। पाकिस्तान के राष्ट्रीय न्याय और शांति आयोग के अनुसार, पिछले 20 वर्षों में 774 मुसलमानों और 760 गैर-मुस्लिमों पर ईशनिंदा का आरोप लगाया गया और कई लोगों को मौत की सजा भी मिली है।

# बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 346 परियोजनाओं की लागत 4.46 लाख करोड़ रुपए बढ़ी





एजेंसी, नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 346 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.46 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की फरवरी, 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,418 परियोजनाओं में से 346 की लागत बढ़ गई है, जबकि 823 परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, "इन 1,418 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 20,38,026.75 करोड़ रुपए थी लेकिन अब इसके बढ़कर 24,84,846.99 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 21.92 प्रतिशत यानी 4,46,820.24 करोड़ रुपए बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी, 2023 तक इन परियोजनाओं पर 13,62,707.98 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 54.84 प्रतिशत है हालांकि, मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 643 पर आ जाएगी। वैसे इस रिपोर्ट में 316 परियोजनाओं के चालू होने के साल के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी से चल रही 823 परियोजनाओं में से 172 परियोजनाएं एक महीने से 12 महीने, 171 परियोजनाएं 13 से 24 महीने की, 355 परियोजनाएं 25 से 60 महीने की और 125 परियोजनाएं 61 महीने या अधिक की देरी से चल रही हैं। इन 823 परियोजनाओं में विलंब का औसत 38.63 महीने है। इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इनके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिये जाने में विलंब, परियोजना की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है।

# वनवेब की दरें भारत में मोबाइल शुल्क दरों की बराबरी नहीं कर सकतीं : सुनील भारती मित्तल

एजेंसी, नयी दिल्ली। उपग्रह संचार सेवा प्रदाता वनवेब के कार्यकारी चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने रविवार को कहा कि कंपनी पश्चिमी देशों की मोबाइल सेवा दरों की बराबरी कर सकती है लेकिन इसकी दरें भारत में मौजूद शुल्क दरों की तरह कम नहीं हो सकती हैं। पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में रविवार को 36 उपग्रहों के प्रक्षेपण के साथ वनवेब समूह के पास अब 618 उपग्रह हो चुके हैं जो भारत समेत पूरी दुनिया में दूरसंचार सेवा दे सकते हैं। वनवेब परियोजना के प्रमुख मित्तल ने प्रक्षेपण और सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत दी जाने वाली सेवाएं किफायती होंगी और अगर एक गांव में 30-40 लोग भी इसका उपयोग करते हैं तो दरें मोबाइल सेवा के बराबर ही होंगी। हालांकि भारत में मौजूदा मोबाइल सेवा योजनाओं की तुलना में एकल उपयोग के लिए सेवाओं पर ज्यादा खर्च आएगा। मित्तल ने कहा, अगर आप पूछें कि क्या उपग्रह दूरसंचार की कीमतें मोबाइल शुल्क के बराबर हो सकती हैं? पश्चिमी देशों में तो ऐसा अभी ही हो सकता है। लेकिन 2 या 2.5 डॉलर प्रति महीने के शुल्क वाले भारत के मामले में ऐसा नहीं है। इसकी वजह यह है कि यह दर पहले ही बहुत कम है। मित्तल ने उम्मीद जताई कि वनवेब को जुलाई-अगस्त तक भारत में सेवाओं के संचालन संबंधी सभी जरूरी मंजूरियां मिल जाएंगी। वनवेब को उपग्रह सेवाओं की मंजूरी मिली हुई है लेकिन उसे अंतरिक्ष-संचार नीति के अलावा सिग्नल भेजने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित होने तक इंतजार करना होगा। वनवेब एलन मस्क की स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा के विपरीत अपने उपग्रहों के माध्यम से व्यापक स्तर पर इंटरनेट सेवा देने के लिए गठित कंपनी है। स्पेसएक्स सीधे व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को सेवाएं देती है। वनवेब ने अपने 72 उपग्रह प्रक्षेपित करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) से 1,000 करोड़ रुपये का समझौता किया था। वनवेब भूमध्य रेखा से 36,000 किलोमीटर ऊंचाई पर भूस्थैतिक कक्षा (जीईओ) में स्थापित उपग्रहों का उपयोग करने के पारंपरिक तरीके के बजाय एलईओ उपग्रहों का उपयोग कर ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदान करती है।

# 10 में पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 86,447 करोड़ रुपए घटा




एजेंसी, नयी दिल्ली। शीर्ष 10 कंपनियों में पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 86,447.12 करोड़ रुपए की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 462.8 अंक या 0.79 प्रतिशत के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, एचडीएफ्सी बैंक, इन्फोसिस और एसबीआई के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, एचडीएफ्सी और भारती एयरटेल की बाजार हैसियत बढ़ गई। बीते सप्ताह इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 25,217.2 करोड़ रुपए घटकर 5,72,687.97 करोड़ रुपए रह गया। एसबीआई के बाजार मूल्यांकन में 21,062.08 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 4,51,228.38 करोड़ रुपए पर आ गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 21,039.55 करोड़ रुपए के नुकसान से 11,42,154.59 करोड़ रुपए रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 13,226.53 करोड़ रुपए के नुकसान से 14,90,775.40 करोड़ रुपए और एचडीएफ्सी बैंक का 5,901.76 करोड़ रुपए टूटकर 8,71,416.33 करोड़ रुपए रह गया। इस रुख के उलट आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 10,905.18 करोड़ रुपए बढ़कर 5,94,888.25 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 7,542.19 करोड़ रुपए बढ़कर 5,82,816.11 करोड़ रुपए पर और आईटीसी का 3,664.01 करोड़ रुपए के उछाल से 4,70,360.22 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन में 2,787.57 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई और यह 4,24,964.64 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफ्सी की बाजार हैसियत 384.89 करोड़ रुपए बढ़कर 4,69,845.34 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशरू टीसीएस, एचडीएफ्सी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, एचडीएफ्सी, एसबीआई और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

# खालिस्तान समर्थकों ने वाशिंगटन में भारतीय दूतावास पर हिंसा भड़काने की कोशिश नाकाम



एजेंसी, वाशिंगटन। खालिस्तान समर्थकों का एक समूह यहां भारतीय दूतावास के सामने एकत्र हुआ और हिंसा भड़काने की कोशिश की, लेकिन अमेरिका की 'सीक्रेट सर्विसश् और स्थानीय पुलिस के समय पर हस्तक्षेप करने से लंदन और सैन फ्रांसिस्को के मिशन पर हुई घटनाओं को फिर होने से रोक दिया गया। वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास के पास अलगाववादी सिख शनिवार को एकत्र हुए और उन्होंने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के खिलाफअपशब्द कहे और उन्हें सार्वजनिक रूप से धमकी दी। प्रदर्शन के समय संधू दूतावास में नहीं थे। प्रदर्शन स्थल पर कुछ प्रदर्शनकारी अन्य प्रदर्शनकारियों को हिंसा में शामिल होने और इमारत की खिड़कियां एवं शीशे तोड़ने के लिए भड़काते देखे गए। चीजें नियंत्रण से बाहर होने की आशंका के मद्देनजर सीक्रेट सर्विस और स्थानीय पुलिस ने अतिरिक्त बलों को तुरंत तैनात किया और कम से कम तीन पुलिस वैन दूतावास के सामने खड़ी की गईं। एक समय, पांच प्रदर्शनकारियों ने तेजी से सड़क पार की और वे दूतावास के पास उस खंभे तक पहुंच गए, जिस पर तिरंगा था, लेकिन सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने तुरंत वहां पहुंचकर उनसे प्रदर्शन के लिए तय क्षेत्र में जाने को कहा। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि प्रदर्शनकारी सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास और लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में भारतीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं करने के इरादे से आए थे। पीटीआई के एक पत्रकार ने अलगाववादियों को लकड़ी के डंडों के दो गट्ठे लाते देखा, जो दूतावास के सामने महात्मा गांधी की प्रतिमा वाले उद्यान में रखे गए थे।

# मेहता का उल्टा चश्मा पर जल्द बनने वाली है फिल्म, शो के प्रोड्यूसर ने किया बड़ा ऐलान




सब टीवी का फेमस शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा आज किसी भी पहचान का मौहताज नहीं हैं। इस सीरियल ने घर-घर में अपनी इस कदर पहचान बनाई है की जितना शो में कास्ट होने वाले करैक्टर के रियल नाम को जानते होंगे या नहीं लेकिन शो के उस करैक्टर के नाम से पूरी तरह से वाकिफ होंगे। भले ही शो के कई मुख्य या कहे तो नामी-जामी चहेरे ने इस शो को अब हमेशा के लिए अलविदा कह दिया हो। लेकिन शो आज भी उतना ही चर्चित हैं। ऐसे में अब तारक मेहता को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आ रही हैं। दरअसल शो के निर्माता-निर्देशक कहे जाने वाले असित मोदी आए दिन तारक मेहता सीरियल को लेकर कुछ बड़े खुलासे करते रहते हैं। ऐसे में अब असित मोदी ने शो को लेकर एक और बड़ा बयान दे दिया हैं। शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी ने मीडिया से बातचीत में बताया है कि वो तारक मेहता का उल्टा चश्मा यूनिवर्स क्रिएट करने का सोच रहे हैं। असित मोदी ने एक मीडिया ग्रुप को दिए इंटरव्यू में यह कहते दिखे है की-हमारे इस शो को दर्शक बीते 15 सालों से दिल खोलकर प्यार दे रहे हैं। शो को अब बस टीवी ही नहीं बल्कि ओटीटी और यूट्यूब पर भी देख सकते हैं। इसलिए मुझे लगा कि शो के किरदारों के साथ कुछ करना चाहिए। आज जेठालाल, बबीता, दयाबेन, सोढ़ी और शो के अन्य किरदार घरेलू नाम बन गए हैं। ये हर किसी के घर के मेंबर जैसे ही हैं। हमें 15 साल से ऑडियंस का प्यार मिल रहा है और इसलिए अब मैंने एक यूनिवर्स बनाने के बारे में सोचा है। शो के प्रोड्यूसर असित कुमार मोदी ने आगे बताया है कि इस सीरियल पर वो फिल्म भी बनाने जा रहे हैं। यह एक एनीमेटेड फिल्म होगी इसमें वो सबकुछ होगा कि जिसे लोग पसंद करने वाले हैं। बताते चलें कि हाल ही में एक खबर आई थी कि इस शो पर गेम भी बनने जा रहा है। उन्होंने बताया है कि लोग किरदारों को इतना प्यार करते हैं तो इन पर गेम भी बनना चाहिए। तारक मेहता का उल्टा चश्मा का अच्छा खासा बज बना हुआ है। आज भी लोग इस शो को काफी पसंद करते हैं। बता दे की ये सीरियल पिछले 15 सालों से टीआरपी के मामले में सबसे ऊपर रैंक पर बना रहता हैं।

››› बॉलीवुड ‹‹‹

# चिपके बालों में शहनाज गिल को देख लोगों ने दिए ऐसे रिएक्शंस, दीपिका के लुक को कॉपी करती दिखी एक्ट्रेस

बीती रात मुंबई में हुए हंगामा स्टाइल आइकोनिक अवार्ड्स 2023 में बॉलीवुड के कई सितारों ने अपने लुक से अवार्ड नाईट में जान भर दी तो वही खुद को पंजाब की कटरीना कैफ बोलने वाली शहनाज गिल भी इस अवार्ड नाईट में अपने हुस्न के जलवे बिखेरती नजर आई। बिग बॉस 13 के घर से अपना नाम बनाने वाली शहनाज गिल को आज हर एक व्यक्ति जानता हैं। सोशल मीडिया से लेकर उनके फैंस के दिलो तक आज एक्ट्रेस की तगड़ी फैन फॉलोविंग हैं। वह जहां भी जाती हैं तो मानो पूरी लाइमलाइट लूट लेती हैं। अब ऐसे ही एक इवेंट में वो 24 मार्च की बीती रात को पहुंची और वहां भी स्पॉट होते ही पूरी महफिल उन्होंने लूट ली। हालांकि कुछ ने उन्हें नापसंद भी किया क्योंकि उनका वो लुक कई लोगो को काफी हद तक बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का कॉपी लग रहा था और कुछ को वो इस मेकअप में जच नहीं रही थीं। शहनाज गिल के तमाम वीडियोज सोशल मीडिया पर छाने लगे तो वही कई लोगों के इस पर रिएक्शन भी सामने आने लगे। ब्लैक अटायर में देख शहनाज को एक यूजर ने लिखा- राइजिंग स्टार ऑफ बॉलीवुड। एक ने कहा- ब्यूटी इन ब्लैकष। वहीं एक यूजर ने कहा-मुझे ये कभी कभी बहुत मासूम लगती है लेकिन कभी कभी बहुत चालाक। एक ने कहा-यह थोड़ा-सा दीपिका पादुकोण के ऑस्कर लुक की कॉपी है। शहनाज को इसे कुछ समय बाद पहनना चाहिए था। हालाँकि लोग उनके लुक को मिलेजुले रिएक्शन दे रहे हैं। कोई उनके लुक की तारीफ कर रहा हैं तो कोई उनके लुक को कोपिड भी बता रहा हैं। शहनाज गिल को बिग बॉस 13 से पहले पंजाबी इंडस्ट्री में ज्यादा जाना जाता था। लेकिन जब वो इस शो का हिस्सा बनीं और सिद्धार्थ शुक्ला के साथ उनका रियल बॉन्ड देश की जनता को भाने लगा तो वह सबके दिलों पर राज करने लगीं इस शो से उनके करियर को भी एक मुकाम हासिल हुआ और देखते ही देखते आज वह कामयाबी की इस उचाई पर हैं। उनकी वो खट्टी-मीठी बातें, अदब से पेश आना, वाकई फैन्स को खूब पसंद आता है। हर कोई उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहता है। पैपाराजी भी उन्हें देखते ही घेर लेते हैं। ऐसे ही एक इवेंट के दौरान हुआ। जब उन्होंने रेड कार्पेट पर शिरकत की तो वह सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन गईं और सबकी नजरे उनपर आ टिक गई। बता दें कि शहनाज गिल अपनी अपकमिंग फिल्म किसी का भाई किसी की जान की रिलीज का इंतजार कर रही हैं जिसमे वह सलमान खान संग नजर आएँगी। ये बॉलीवुड में उनकी डेब्यू मूवी है जो कि ईद के मौके पर सेनिमाघरों में 21 अप्रैल 2023 को उतरेंगी। इसमें इनके अलावा सलमाम खान, पूजा हेगड़े, सिद्धार्थ निगम, राघव जुयाल और जस्सी गिल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।





# पहले बाथरोब फिर बिकिनी और फिर लिपलॉक में श्रद्धा आर्या ने पति के बर्थडे को बना दिया इतना खास के फैंस ने कह डाली ये बात



टीवी जगत की फेवरेट बहुओ की लिस्ट में अपना नाम शुमार करने वाली कुंडली भाग्य फेम एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या इन दिनों अपने पति संग कुछ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने उनके बर्थडे के मौके पर मालदीव्स जा पहुंची हैं। पति के बर्थडे को खास बनाने के लिए एक्ट्रेस ने एक नहीं छोड़ा हर तरीके से पति को स्पेशल फील कराने की हर एक कोशिश करती नजर आई श्रद्धा आर्या। इन्ही खास लम्हो को कैमरा में कैद करती नजर आयी श्रद्धा ने अब अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरो को शेयर भी किया हैं जिसमे साफ तौर से दिख रहां हैं कि कैसे एक्ट्रेस ने हर एक छोटी से बड़ी कोशिश कर राहुल नागल का बर्थडे कितना खास बना दिया हैं। कुंडली भाग्य की एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने अपने इंस्टाग्राम से जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमे वह सेलिब्रेशन मोड में नजर आ रही हैं। शेयर की गई इन तस्वीरो में सामने जितना खूबसूरत समुन्द्र दिख रहा हैं उतना ही सुंदर श्रद्धा द्वारा कराया गया ये अरैंजमेंट लग रहा हैं जिसे उन्होंने स्पेशली पति के बर्थडे के लिए लाइट्स और रोमांटिक अंदाज में डेकोरेट करवाया हैं। फोटोज में श्रद्धा अपने पति के साथ स्पेशल मोमेंट्स शेयर करती दिख रही हैं। जिन्हे देख अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि दोनों ने इस रात को कितना खूबसूरती से एन्जॉय किया हैं। इन तस्वीरो में श्रद्धा का अंदाज काफी रोमांटिक नजर आया ब्लू कलर की मैक्सी ड्रेस पहने एक्ट्रेस पति को बीच पर डिनर के लिए लाती दिखीं साथ ही एक तस्वीर में तो श्रद्धा राहुल की गोद में भी बैठी नजर आई। जिसके बाद श्रद्धा ने सीधा पति संग लिपलॉक भी किया। उन्होंने पति के इस डे को ओर भी स्पेशल बनाने के लिए एक रोमांटिक डिनर डेट प्लान किया हुआ था जिसके बाद उन्होंने फैंस के साथ प्यारी प्यारी तस्वीरें भी शेयर कीं। कुंडली भाग्य एक्ट्रेस ने अपनी शूटिंग शेड्यूल के बीच आराम करने के लिए मालदीव के लिए उड़ान भरी। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर श्रद्धा ने तस्वीरें शेयर कीं जिसमें डिवा को बाथरोब में आराम करते हुए और पूल किनारे चिल करते हुए देखा जा सकता हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन में लिखा-एक बहुत जरूरी ब्रेक और वैक थेरेपीष। श्रद्धा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर उस खूबसूरत जगह को दिखाते हुए एक वीडियो और भी शेयर किया, जहां वह अपनी वेकेशन के दौरान रह रही हैं। इस क्लिप में हम श्रद्धा के साथ उनके पति राहुल नागल को भी समंदर की ओर टहलते हुए देखते हैं। वर्कफ्रंट की बात करे जो जल्द ही श्रद्धा करण जौहर की अगली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जिसके चलते वह बॉलीवुड नगरी में अपना डेब्यू करेंगी।




››› बॉलीवुड ‹‹‹

# शादी के बाद ऑफिशियली केन्या में शिफ्ट हुई दलजीत कौर ने शेयर की पति संग तस्वीरें, ससुराल पहुंच दी अपडेट

टीवी एक्ट्रेस दलजीत कौर इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर काफी सुर्खियों में छाई हुई है। हाल ही में उन्होंने एनआरआई बिजनेसमैन निखिल पटेल संग शादी रचाई हैं जिसकी कई तस्वीरें अबतक इंटरनेट के गलियारों में छाई हुई हैं। और ना सिर्फ शादी की बल्कि उनके प्री-वेडिंग फंक्शन्स की भी कई तस्वीरें लोगो द्वारा काफी पसंद की जा रही हैं। तो वही अब अपने फैंस को अपनी लेटेस्ट अपडेट देती हुई दलजीत ने हाल ही में कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया द्वारा शेयर की हैं। जिसमे वह अपनी लेटेस्ट अपडेट देती हुई नजर आ रही हैं। शादी के बाद दलजीत कौर अपने पति के साथ ऑफिशियली केन्या में शिफ्ट हो गई हैं जहा उनका बेटा जायडन और निखिल की दोनों बेटियों संग दलजीत और निखिल अपने नए जीवन की शुरुआत करेंगे। एक्ट्रेस ने वहां से अपनी कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। सामने आई तस्वीरों में दलजीत को पति निखिल संग काफी मस्ती करते हुए देखा जा सकता है। एक फोटो में साइकलिंग के बाद हेलमेट पहने पति के साथ पोज देती दलजीत की चेहरे की चमक उनकी खुशी का साफ तौर पर सबूत दे रही हैं। तो बाकी फोटोज में वह जिम में नजर आ रही हैं।



स्टार एक्सप्रेस
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादकः नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com

CMYK